

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 217
लखनऊ, शुक्रवार 10 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



यूजीसी नेट पास कर लकी यादव ने बढ़ाया जिले का मान 11

सेवा, समर्पण व करुणा की भावना भारत की वास्तविक शक्ति : केशव 03


-: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,51,630/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,39,000/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,13,760/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,55,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### सरकार नें बदले बारह आईपीएस अफसर




**लखनऊ।** यूपी सरकार नें बारह आईपीएस अफसरों के तबादले किये है। आईपीएस अफसर सागर जैन अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सहारनपुर को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज व मनोज कुमार रावत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी गोंडा को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संभल बनाये गये है। आयुष विक्रम सिंह सहायक पुलिस अधीक्षक नगर मेरठ से सहायक पुलिस अधीक्षक नगर बहराइच व विनायक गोपाल भोसलें सहायक पुलिस अधीक्षक सीतापुर सहायक पुलिस अधीक्षक नगर मेरठ बनाये गये है। अंतरिक्ष जैन सहायक पुलिस अधीक्षक मेरठ से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बुलंद शहर व ट्विकल जैन सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गौतमबुध नगर से अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ बनाये गये। लिपि नागयाच सहायक पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद से अपर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट वाराणसी व राजकुमार मीणा सहायक पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज से अपर पुलिस अधीक्षक (नक्सल) मिर्जापुर बनाये गये है। आईपीएस अफ्सर ऋषभ रुनवाल सहायक पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से अपर पुलिस अधीक्षक (नक्सल) सोनभद्र व आलोक कुमार सहायक पुलिस अधीक्षक संभल से अपर पुलिस अधीक्षक नगर पूर्वी प्रतापगढ़ बनाये गये है। डॉ0 ईशान सोनी सहायक पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी से अपर पुलिस अधीक्षक जालौन व मयंक पाठक सहायक पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ से अपर पुलिस अधीक्षक नगर सहारनपुर बनाया गया है।

### बिहार में बीच सड़क दिनदहाड़े युवक की सिर काटकर हत्या

**अररिया।** बिहार के अररिया जिले में खौफनाक वारदात हुई है। यहां बीच सड़क एक युवक का सिर धड़ से अलग कर दिया गया है। युवक का सिर सरेआम सड़क पर काफी देर तक पड़ा रहा। इसके अलावा उसका धड़ भी सड़क पर काफी वक्त तक पड़ रहा। सड़क पर मौजूद लोग इस भयानक हत्याकांड को देख सिहर उठे। बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे फारबिसगंज सुभाष चौक स्थित मार्केटिंग यार्ड के समीप कहासुनी के बाद आवेश में आकर सत्तू बूक्रिता ठेला चालक ने पिकअप ड्राइवर की हत्या कर दी। सत्तू बिक्रेता ने पिकअप चालक का सिर धड़ से अलग कर दिया। मृतक पिकअप चालक 42 वर्षीय अली हुसैन जोगबनी थाना क्षेत्र के अमोना गांव का रहने वाला था इस जघन्य वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। इसके बाद आक्रोशित भीड़ ने एक घर में छिपे आरोपी सत्तू बिक्रेता को पकड़ लिया। भीड़ ने लात-घूंसे और डंडे से रवि चौहान को तब तक मारा जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई। वारदात के बाद से इलाके में भारी तनाव है। हालांकि, घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस अलर्ट है और हर गतिविधि पर नजर रख रही है।

### दिल्ली विधानसभा और सचिवालय को मिली बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब दिल्ली विधानसभा, सचिवालय और कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने वाला एक धमकी भरा ईमेल मिला। इसके बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां चप्पे-चप्पे की तलाशी में जुट गईं। हालांकि इससे पहले भी दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। फिलहाल पुलिस ईमेल भेजने वाले के आईपी एड्रेस को ट्रैक करने और इसके पीछे की मंशा का पता लगाने में जुटी है।

# असम में 84.42, केरल में 75, पुडुचेरी में 86.92 फीसदी मतदान

**विधानसभा चुनाव**

- असम, केरल व केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव के लिए सभी सीटों पर मतदान संपन्न



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

असम, केरल और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव के लिए सभी सीटों पर मतदान गुरुवार को संपन्न हो गया। छिटपुट हिंसा को छोड़ दें तो मतदान लगभग शांतिपूर्ण रहा। चुनाव आयोग के शाम 5 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक असम में 84.42, केरल में 75.01 प्रतिशत और पुडुचेरी में 86.92 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान के अभी अंतिम आंकड़े आना बाकी हैं। क्योंकि जो मतदाता निर्धारित समय खत्म होने से पहले से कतार में खड़े थे उनको मतदान का अवसर मिलेगा। तीनों राज्यों में मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ था। असम में मतदान का समय शाम 5 बजे तक और केरल एवं पुडुचेरी में शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया था।

निर्वाचन आयोग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, शाम 5 बजे तक पुडुचेरी में सबसे अधिक 86.92 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि असम में 84.42 प्रतिशत और केरल में 75.01 प्रतिशत वोटिंग हुई। दिनभर मतदान का प्रतिशत लगातार बढ़ता रहा। दोपहर 3 बजे तक असम में 75.91 प्रतिशत, केरल में 62.71 प्रतिशत और पुडुचेरी में 72.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। वहीं दोपहर 1 बजे तक असम 59.63 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रहा, जबकि केरल में 49.70 प्रतिशत और पुडुचेरी में 56.83 प्रतिशत मतदान हुआ।

केरल में पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में मतदान किया। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्व सरमा ने गुवाहाटी में मां कामाख्या मंदिर में पूजा की। इसके बाद पत्नी के साथ जालुकबाड़ी में मतदान किया।

असम में 126 सीटों पर 41 राजनीतिक दलों के 722 उम्मीदवार मैदान में रहे, जिनमें 59 महिलाएं शामिल हैं। राज्य में लगभग 2.5 करोड़ मतदाताओं के लिए 31,490 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

यह चुनाव 2023 में हुए परिसीमन के बाद पहला चुनाव है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी अपनी सत्ता बनाए रखने की कोशिश कर रही है, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वापसी की उम्मीद में है। केरल की 140 विधानसभा सीटों पर 890 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहे। यहां 2.71 करोड़ मतदाता हैं और चुनावी मुकाबला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ), यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बीच त्रिकोणीय बना हुआ है। एलडीएफ जहां लगातार पांचवीं बार सत्ता में लौटने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, वहीं विपक्षी गठबंधन उसे कड़ी चुनौती दे रहे हैं। पुडुचेरी में 30 सीटों पर कुल 294 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे।

केंद्रशासित प्रदेश में 9.5 लाख से अधिक मतदाताओं में से करीब 24,919 पहली बार मतदात बने थे। पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यानम क्षेत्रों में कुल 1,099 मतदान केंद्र स्थापित किए गए।

चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील इलाकों में वेबकास्टिंग और ड्रोन के जरिए निगरानी रखी गयी।

**असम में छिटपुट हिंसा में कम से कम 30 लोग घायल**

मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जिससे लोकतंत्र के इस पर्व में लोगों की सक्रिय भागीदारी साफ नजर आई। पूर्वाह्न 11 बजे तक असम में 38.92 प्रतिशत, केरल में 33.28 प्रतिशत और पुडुचेरी में 37.06 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि सुबह 9 बजे तक यह आंकड़ा क्रमशः 17.87 प्रतिशत, 16.23 प्रतिशत और 17.41 प्रतिशत रहा। इसके बाद दिन चढ़ने के साथ मतदान की रफ्तार तेज होती गई। असम में छिटपुट हिंसा में कम से कम 30 लोग घायल हो गए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है। पुडुचेरी में मन्नादिपेट में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया।

# बुनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



- बुनकरों की समस्याओं के समाधान के लिए क्लस्टर आधारित समन्वित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बुनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार हैं और उनकी आय, सम्मान व आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बुनकरों की समस्याओं के समाधान के लिए क्लस्टर आधारित समन्वित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को हथकरघा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बुनकरों को कच्चे माल की बढ़ती लागत, आधुनिक डिजाइन व तकनीक की कमी और सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

इन समस्याओं के समाधान के लिए योजनागत सहायता के साथ एक मजबूत और परिणामोन्मुख तंत्र विकसित करना आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में करीब 1.99 लाख बुनकर कार्यरत हैं और देश में उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में छठे स्थान पर है। कालीन, दरी व मैट उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है, जबकि बेडशीट, फर्निशिंग व ब्लैंकेट के उत्पादन में भी राज्य की महत्वपूर्ण भागीदारी है। वर्ष 2024-25 में देश के कुल हथकरघा निर्यात 1178.93 करोड़ रुपये में प्रदेश का योगदान 109.40 करोड़ रुपये रहा, जो लगभग 9.27 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुनकर बहुल क्षेत्रों की पहचान कर वहां क्लस्टर विकसित किए जाएं, ताकि उत्पादन, गुणवत्ता और विपणन को एकीकृत किया जा सके।

उन्होंने कहा कि क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर वैल्यू चेन मॉडल पर विकसित हों, जिसमें डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच शामिल हो। उन्होंने प्रत्येक क्लस्टर में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित करने तथा उन्हें आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरण और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने पर जोर दिया। इससे उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होगी।

योगी ने डिजाइन व विपणन को सुदृढ़ बनाने के लिए डिजाइनर- कम- मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव और डिजाइन हाउस, सोर्सिंग-बाइंग एजेंसी, एक्सपोर्ट हाउस जैसी व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही, डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स और ब्रांडिंग के माध्यम से बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने पर बल दिया।

**पॉवरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश**

बैठक में मुख्यमंत्री ने पॉवरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार करने को कहा। इस संबंध में हथकरघा विभाग और पावर कॉर्पोरेशन संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया, जिससे बुनकरों की लागत में कमी आएगी और उन्हें दीर्घकालिक राहत मिल सकेगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी और मंत्रीगण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुनकरों के हित में पारदर्शी और व्यावहारिक नीति बनाकर उन्हें वास्तविक लाभ पहुंचाया जाए तथा प्रदेश की पारंपरिक बुनकरी को नई मजबूती दी जाए।

# बंगाल में चार मई के बाद घोषित विस चुनाव परिणाम के बाद नए युग की शुरुआत होगी : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, कोलकाता।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस पर अपना हमला तेज करते हुए ऐलान किया कि चार मई के बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजे घोषित होने के बाद एक नए युग की शुरुआत होगी।

श्री मोदी ने हल्दिया से अपने अभियान को आगे बढ़ाते हुए औद्योगिक शहर आसनसोल में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि चार मई के बाद बंगाल में एक नया अध्याय शुरू होगा। तृणमूल कांग्रेस मुक्त बंगाल विकास की एक नयी दिशा दिखाएगा।

उन्होंने सत्तारुढ़ पार्टी पर माफिया राज को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए इस इलाके में कोयला और रेत माफिया के कथित दबदबे को उजागर किया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के राज में कोयला और रेत माफिया लोगों पर बोझ बन गए हैं। जबकि पूरे देश में विकास दिख रहा है, बंगाल इस माफिया सिस्टम के कारण पिछड़ रहा है।

श्री मोदी ने हाल ही में मालदा कालियाचक में हुई घटना का ज़िक्र करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस आने वाली हार को देखकर घबरा रही है। उन्होंने दावा किया कि यह पार्टी अपना दिमागी संतुलन खो चुकी है। मालदा में, उन्होंने डर के मारे बहुत बड़ी गलती की। यह घटना उनके जंगल राज के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी।

**मतदाता अब वादों से ज़्यादा प्रदर्शन को आंकते हैं**

बंगाल के देशभक्त लोग अपने वोटों से इसका जवाब देंगे। उन्होंने वाम मोर्चे के पतन से तुलना करते हुए कहा कि जैसे लोगों ने माकपा को सत्ता से हटाया था, वैसे ही वे अब तृणमूल कांग्रेस को भी हटा देंगे। उन्होंने भाजपा शासन के रिकॉर्ड पर ज़ोर देते हुए, कहा कि मतदाता अब वादों से ज़्यादा प्रदर्शन को आंकते हैं। उन्होंने आगे कहा, सिर्फ़ भाजपा में ही विकास करने की काबिलियत है। उन्होंने एक साफ़ राजनीतिक समयसीमा तय करते हुए दोहराया कि चार मई के बाद राज्य में विकास पर आधारित राजनीति की ओर बदलाव देखने को मिलेगा।

श्री मोदी ने केन्द्रीय बलों के खिलाफ कथित हमलों और टिप्पणियों की भी आलोचना करते हुए कहा, तृणमूल कांग्रेस इतनी डरी हुई है कि वह देश के सुरक्षा बलों का गलत इस्तेमाल कर रही है।

# राजनाथ ने जनरल फान वान को दी बधाई




- जनरल फान वान जियांग वियतनाम के उप प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री नियुक्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनरल फान वान जियांग को वियतनाम का उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री नियुक्त किये जाने पर बधाई दी है।

श्री सिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत वियतनाम के साथ अपने दीर्घकालिक रक्षा संबंधों को और मजबूत करने तथा सुरक्षा, सैन्य आदान-प्रदान और औद्योगिक सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने की आशा करता है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत-वियतनाम साझेदारी आने वाले वर्षों में निरंतर और अधिक सशक्त होती रहेगी।

# यूपी में एक साथ नहीं होगी स्कूलों की छुट्टी, बदला गया समय, 20 शहरों में नई गाइडलाइन जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। खासतौर पर स्कूल और कॉलेज की छुट्टी के समय लगने वाले जाम को देखते हुए नई गाइडलाइन जारी की गई है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने सिटी रिड्यूसिंग ट्रैफिक कंजेशन स्कीम के तहत 20 शहरों के 172 रास्तों के लिए नियम बनाए हैं। अब स्कूलों और आसपास के दफ्तरों की छुट्टी एक साथ नहीं होगी, बल्कि उनमें कम से कम 15 मिनट का अंतर रखा जाएगा।

व्यस्त चौराहों और तिराहों के 100 मीटर के दायरे को खाली रखना होगा, इस क्षेत्र में सवारी बैठाने या उतारने की अनुमति नहीं होगी, पीक टाइम में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, रूट मार्शल की व्यवस्था की जाएगी, ट्रैफिक को तेज और सुचारु बनाने पर जोर दिया जाएगा। ये गाइडलाइन कुल 20 बड़े शहरों में लागू होंगी। जिनमें आगरा, आजमगढ़, अलीगढ़, अयोध्या, बांदा, बरेली, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, गोंडा, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर, वाराणसी शामिल है। लखनऊ में कई रास्तों को चिन्हित किया गया है, जैसेरू जुनाबगंज से चारबाग, अयोध्या रोड से चारबाग, बख्शी का तालाब से पॉलिटेक्निक, मड़ियांव से हजरतगंज, ट्रांसपोर्टनगर से कमता, अवध चौराहा से दुबग्गा। एक सर्वे के मुताबिक, लखनऊ के कुछ रास्तों पर पीक टाइम में यात्रा का समय 10 से 15 गुना तक बढ़ जाता है। खासकर दोपहर और शाम के समय जाम सबसे ज्यादा रहता है। वहीं, डीजीपी राजीव कृष्ण के अनुसार, स्कूल और दफ्तर एक साथ बंद होने से ही सबसे ज्यादा जाम लगता है। इसलिए छुट्टी का समय अलग-अलग करने का फैसला लिया गया है, जिससे ट्रैफिक कम होगा और लोगों को राहत मिलेगी।

सरकार ने साफ निर्देश दिए हैं कि नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उम्मीद है कि इस नई व्यवस्था से छात्रों, अभिभावकों और आम लोगों को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिलेगी।

# फरार चल रहे शुभम जायसवाल के खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी

- गिरफ्तारी के बाद दुबई से लाया जाएगा भारत

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी के रोहनिया थाने में बड़ी मात्रा में बरामद कोडीन कफ सीरप के मुकदमे में भी आरोपित और कोडीन सिरप तस्करी के मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल के विरुद्ध गुरुवार को इण्टरपोल ने रेड कार्नर नोटिस जारी कर दिया है।

एडीसीपी नीतू ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि कोडीन सिरप तस्करी मामले में मुख्य आरोपित शुभम जायसवाल निवासी कायस्थ टोला प्रहलाद घाट, जो वर्तमान समय में दुबई फरार है। शुभम रोहनिया थाने में दर्ज मुकदमे में आरोपित है। शुभम जायसवाल की गिरफ्तारी के लिए इन्टरपोल को रेड कार्नर नोटिस जारी करने के आवेदन दिया गया था। अब सीबीआई के सहयोग से इण्टरपोल से रेड कार्नर नोटिस जारी कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि रेड कार्नर नोटिस जारी होने के बाद शुभम जायसवाल को सम्बन्धित देश की पुलिस गिरफ्तार कर सकेगी। इसके बाद शुभम जायसवाल के भारत प्रत्यर्पण की कार्यवाही होगी। शुभम जायसवाल को दुबई से लाकर यहां संबंधित कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश में बढ़ेगा तापमान, कमजोर पड़ रहा है पश्चिमी विक्षोभ का असर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य क्षेत्रों में पिछले दिनो आंधी,बारिश और ओलावृष्टि से दिन और रात के तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गयी हालांकि गुरुवार को पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने से आने वाले कुछ दिनों में गर्मी का असर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार बारिश और ओलावृष्टि से लखनऊ में दिन का तापमान सामान्य से करीब 10 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया था।

बुधवार को यहां अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 10.02 डिग्री कम है। यह तापमान फरवरी माह के औसत अधिकतम तापमान (26.2 डिग्री सेल्सियस) के लगभग बराबर रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.9 डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार शाम 5:30 बजे तक 0.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि मंगलवार और बुधवार को आए आंधी-तूफान का कारण जम्मू-कश्मीर के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर बने चक्रवाती परिसंचरण का संयुक्त प्रभाव था। हालांकि, अब ये दोनों सिस्टम कमजोर पड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार के बाद मौसम साफ हो जाएगा और दिन व रात के तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी। प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी बादल छाए रहने और हल्की बारिश की वजह से दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मुजफ्फरनगर में सबसे अधिक 10.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक के आसार बने हुए हैं।

**बयान** तेहरान अमेरिका व ईरान के बीच होने वाली वार्ता से पहले ईरान ने अपनाया सख्त रुख

# ट्रंप को दो टूक संदेश- यूरेनियम संवर्धन से नहीं हटेंगे!

**एजेंसी, तेहरान।**




तेहरान अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली अहम वार्ता से पहले ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर सख्त रुख अपनाया है।

ईरान की परमाणु एजेंसी के प्रमुख ने साफ कहा है कि यूरेनियम संवर्धन का अधिकार किसी भी बातचीत का अनिवार्य हिस्सा है। तेहरान में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह ऐसा मुद्दा है जिस पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उनका इशारा अमेरिका के उस रुख की ओर था, जिसमें वह ईरान को यूरेनियम संवर्धन की अनुमति देने के खिलाफ है।

यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में वार्ता होने वाली है। इस बैठक में दोनों देश हाल ही में हुए दो हफ्ते के युद्धविराम को स्थायी शांति समझौते में बदलने की कोशिश करेंगे। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है और उसे यूरेनियम संवर्धन का पूरा अधिकार है। वहीं, अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को आशंका है कि इसी तकनीक का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में भी किया जा सकता है। इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच लंबे समय से मतभेद रहे हैं और यही विवाद कई बार तनाव और टकराव का कारण बना है। अब जब सीजफायर के बाद बातचीत का मौका मिला है, तब भी यह मुद्दा सबसे बड़ी बाधा बनता नजर आ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इस मुद्दे पर सहमति नहीं बनी, तो शांति वार्ता सफल होना मुश्किल होगा और मध्य-पूर्व में तनाव फिर बढ़ सकता है।

**इजरायल ने हिजबुल्लाह प्रमुख के भतीजे को किया ढेर**

इजरायली सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम के निजी सचिव अली यूसुफहर्शी को मार दिया है। इजरायली सेना ने बताया कि हर्शी को लेबनान की राजधानी बेरूत में एक हवाई हमले में निशाना बनाया गया। हर्शी हिजबुल्लाह के चीफनईम कासिम का निजी सचिव होने के साथ ही उसका भतीजा भी था। इजरायली सेना ने कहा कि हर्शी के पास हिजबुल्लाह चीफ के दफ्तर और उनकी सुरक्षा की अहम जिम्मेदारी थी। इजरायली सेना ने बुधवार को हिजबुल्लाह के गढ़ दाहियेह के बाहर बेरूत के तल्लेत खयात इलाके में हर्शी को निशाना बनाकर हमला किया। इसका फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक बहुमंजिला इमारत आंशिक रूप से ढह गई। आइडीएफ ने एक बयान में कहा, हर्शी हिजबुल्लाह के सेक्रेटरी-जनरल (प्रमुख) नईम कासिम का करीबी सहयोगी और निजी सलाहकार था। और उनके दफ्तर और उनकी सुरक्षा के प्रबंधन में उसकी अहम भूमिका थी।

# संविदाकर्मी के बैंक खाते पर 'डाका' 50 हजार उड़ा ले गए साइबर ठग

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र में साइबर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अज्ञात साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से 50 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित संदीप कुमार त्रिपाठी ने मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों से कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, संदीप कुमार त्रिपाठी का खाता इंडियन बैंक, विकास भवन शाखा, बहराइच में संचालित है। उन्होंने बताया कि तीन अप्रैल की रात करीब 8~10 बजे उनके खाते से बिना किसी ओटीपी, कॉल या एटीएम इस्तेमाल के 50 हजार रुपये निकाल लिए गए। यह रकम 'फैमिली स्टोर' के नाम से ट्रांजेक्शन के जरिए डेबिट की गई। घटना की जानकारी मिलते ही



पीड़ित ने करीब आधे घंटे के भीतर साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और बैंक को भी सूचना दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। पीड़ित ने बताया कि वह संविदा कर्मचारी हैं और कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। बच्चों के एडमिशन, किताबों व अन्य जरूरी खर्चों के लिए रखी रकम भी साइबर ठगों ने साफ कर दी।

# जनपद स्तरीय बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली

- विद्यालयों में बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन होना जरूरी है : अक्षय त्रिपाठी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को कलेक्ट्रेट से स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। रैली को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और एमएलसी डा.प्रज्ञा त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूल चलो अभियान रैली को संबोधित करते हुए विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने कहा कि 6-14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को विद्यालय तक पहुंचाने में शिक्षकों के साथ अभिभावकों को भी आगे आना होगा। बच्चों के शिक्षित होने से उनके साथ ही समाज व राष्ट्र की उन्नति होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन होना जरूरी है। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने अभिभावकों से बच्चों पाल्यों को नियमित विद्यालय भेजने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि आउट आफ स्कूल बच्चों का सर्वेक्षण कर विद्यालय में नामांकित कराएं। शासन द्वारा संचालित सभी योजना का लाभ बच्चों को प्राप्त हो, ऐसा सभी प्रयास करें। वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्र,अजीत सिंह, रणजीत कुमार, पुष्पेंद्र जैन,.डाली मिश्रा, ने भी संबोधित किया। उपरोक्त कार्यक्रम में अनुराग शर्मा,राकेश सिंह, प्रदीप वर्मा,इसरार अहमद, मनोज दीक्षित, नैमिष गिरि, कुमार अभय, हरिओम मिश्र, जितेंद्र रॉय, सुरेश यादव,सूर्य प्रताप जायसवाल, नरेंद्र राय, पवन दूबे,आशा राम,शोभा यादव सहित दर्जनों सम्मानित खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्यवक, एस आर जी, ए आर पी, शिक्षक, अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

# घर-घर जनसंपर्क कर सरकार की उपलब्धियों का बांटा पत्रक

## ग्राम बस्ती चलो अभियान के तहत सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी के 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलने वाले ग्राम बस्ती चलो अभियान का जनसम्पर्क कार्यक्रम जिले भर मे आयोजित किया जा रहा है। जिसका उदेश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर पहुंचाना पार्टी के आधार को मजबूत करना है इस दौरान जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी कार्यकर्ता गाँवो व कस्बे में प्रचार व सवांद कर रहे है तथा विकास कार्यों का जायजा ले रहे है। जिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला ने बताया की डबल इंजन की सरकार ने विगत नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त करते हुए कानून का राज स्थापित किया 20 से 24 घंटे की बिजली पूर्ति पक्की सड़के और गरीबो को मुफ्त राशन



प्रधानमंत्री आवास गैस कनेक्शन आयुष्मान कार्ड किसान सम्मान निधि शौचालय जैसी योजनावों का लाभ जनता तक पहुँच रहा है। इसी प्रकार पार्टी के विचारों को जमीनी स्तर पर प्रसारित करना है भाजपा ने इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने अटूट संकल्प को दोहराया पार्टी स्वयं को केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का सशक्त माध्यम मानती है। इस अभियान में जहाँ बूथ मजबूत वहाँ राष्ट्र सशक्त और सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ हर गाँव हर घर तक भाजपा जैसे नारे लगाए गए।

## शिक्षक से मारपीट पर बवाल बैंक कर्मियों पर कार्रवाई की मांग, आंदोलन की चेतावनी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** इंडियन बैंक इमामगंज शाखा में शिक्षक के साथ कथित अभद्र व्यवहार और मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जूनियर एवं प्राथमिक शिक्षक संघ ने जोनल कार्यालय को शिकायती पत्र भेजकर संबंधित बैंक कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो सभी परिषदीय विद्यालयों के खाते बैंक से हटाए जाएंगे और व्यापक आंदोलन किया जाएगा। मामला मंगलवार दोपहर का बताया जा रहा है, जब शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के पिपरी माफी गांव में तैनात शिक्षक अनिल कुमार शर्मा विद्यालयी कार्य से बैंक पहुंचे थे। आरोप है कि वहां तैनात कैशियर निहाल सिंह, अभिनव और आनंद सिंह ने उनके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की।

# गांव-गांव भ्रमण कर फार्मर रजिस्ट्री शिविर का एसडीएम नानपारा ने लिया जायज़ा

- समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जाय : मोनालिसा जौहरी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने तहसील नानपारा अन्तर्गत ग्राम उमरिया व चनैनी सहित अन्य ग्रामों का भ्रमण कर फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत गांव-गांव लगाये गये शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने शिविर में मौजूद लेखपालों व कृषि विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री के साथ-साथ खतौनी में नाम की त्रुटि, अंश निर्धारण, नाम मिसमैच जैसी समस्याओं का भी गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जाय ताकि सभी सम्बन्धित कृषक निर्बाध रूप से



योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त कर सकें। एसडीएम ने किसानों से कहा कि फार्मर रजिस्ट्री एक अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि, खाद-बीज पर सब्सिडी, कृषि यंत्रों पर छूट जैसी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य होगी। फार्मर रजिस्ट्री बन जाने पर फसलों की बिक्री (गेहूं, धान, सरसों) में आसानी होगी, किसान क्रेडिट कार्ड मात्र 3 दिनों में बन सकेगा, फसल क्षति पर मुआवजा प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी, सभी सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी समस्या के मिल सकेगा। उन्होंने कृषकों को सुझाव दिया कि अपने आधार लिंक मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और खतौनी/गाटा संख्या के साथ नजदीकी कैंप, जनसेवा केंद्र या लेखपाल से संपर्क कर तत्काल फार्मर रजिस्ट्री करा लें।

# खबरें एक नजर में

## डीएम ने महेशभारी-भैसहवा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का किया औचक निरीक्षण, गुणवत्ता परखी

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन द्वारा द्वारा जनपद में लोक निर्माण विभाग (निर्माण खण्ड) के अंतर्गत निर्माणाधीन महेश भारी-भैसहवा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क की खुदाई कराकर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को बारीकी से परखा। प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाए जाने के सख्त निर्देश दिए और कार्यदायी संस्था को निर्धारित समयावधि तक हर हाल में काम पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समयसीमा में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बताते चले कि जनपद बलरामपुर के लोक निर्माण विभाग (निर्माण खण्ड) द्वारा राज्य योजना के अंतर्गत महेश भारी-भैसहवा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस परियोजना की कुल स्वीकृत लंबाई 18.80 किलोमीटर है, जिसे वर्तमान 3.00 मीटर की चौड़ाई से बढ़ाकर 5.50 मीटर किया जा रहा है। शासन द्वारा इस कार्य के लिए दिनांक 31.03.2025 को शासनादेश जारी किया गया था, जिसके क्रम में 2744.46 लाख रुपये की लागत से दिनांक 21.11.2025 को कार्य प्रारंभ किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आबादी वाले हिस्सों में चल रहे कार्य को तेजी से पूरा करने और गुणवत्ता मानकों का शत-प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## राप्ती नदी में लापता युवक का शव तीसरे दिन बरामद

**उतरौला (बलरामपुर)।** कोतवाली उतरौला क्षेत्र के राप्ती नदी में नहाने के दौरान लापता हुए युवक का शव घटना के तीसरे दिन गुरूवार को बरामद कर लिया गया। युवक जिस स्थान पर डूबा था, उससे करीब 100 मीटर की दूरी पर उसका शव मिलने से तीन दिनों से चल रहे सघन सर्च ऑपरेशन का अंत हो गया। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। ज्ञात हो कि मोहल्ला सुभाष नगर निवासी 18 वर्षीय हसन जैदी मंगलवार को अपने दो साथियों के साथ रूस्तम नगर के पास राप्ती नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते लापता हो गया। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीन दिनों से लगातार चल रहे अभियान में एनडीआरएफ, स्थानीय गोताखोरों और पुलिस की संयुक्त टीम ने पूरी तत्परता से कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप शव बरामद किया जा सका।

## नॉलेज कोचिंग बड़हरी ने जीता फाइनल मुकाबला

**महुआ बाजार (बलरामपुर)।** नॉलेज कोचिंग सेंटर बड़हरी के तत्वावधान में स्कूल स्तरीय अंडर-19 सीजन-5 का नॉलेज कोचिंग फ्रैंडली क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था, जिसमें क्षेत्र के 16 इण्टर कॉलेज एवं स्कूलो के टीमों ने प्रतिभाग किया था। जिसका फाइनल मैच आज नॉलेज कोचिंग सेंटर बड़हरी और राम ठाकुर चौधरी इण्टर कालेज परसौना के बीच खेला गया। राम ठाकुर चौधरी के कप्तान हरी कल्की ने टॉस जीता और फील्डिंग करने का फैसला किया। जिसमें नॉलेज की टीम निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट पर 120 रन बनाए। हेमन्त 30 रन, धनी राम 15 रन और कप्तान विशाल यादव ने 36 रनों की पारी खेली। राम ठाकुर के गेंदबाज आर्यन यादव और अतुल शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राम ठाकुर की टीम 9 ओवर में 89 रन पर आल आउट हो गई नॉलेज कोचिंग सेंटर ने फाइनल मुकाबला जीत कर ट्रॉफी अपने नाम किया। मैन ऑफ दा मैच विशाल एवं मैन ऑफ दा सीरीज दुर्गादीन को चुना गया। कोचिंग डायरेक्टर रमेश तिवारी एवं मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा ने पुरुस्कार वितरण करके खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। टूर्नामेंट में विनर और रनर कप महताब आलम प्रोविजन स्टोर हाशिमपारा के द्वारा देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। क्षेत्र के डॉ. अख्तर जमाल द्वारा रनर कैश प्राइज़ तीन हजार देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किये। विनर गिफ्ट स्काई आटो पार्ट्स द्वारा दिया गया। इस टूर्नामेंट में अन्य सहयोगी जिन्होंने सांत्वना पुरस्कार देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किए दद्दन तिवारी, राम संजीवन तिवारी, राकेश तिवारी, डॉ.राज कमल, अखिलेश चौधरी, मोहन मौर्य, विक्रम गुप्ता, अमृत लाल जायसवाल, शजब्बार कुरैशी आदि है। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में विशाल, सुरेंद्र,वाहिद , सादिक अतुल, रमन आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के अधिक संख्या में छात्र एवं खिलाड़ी और दर्शक उपस्थित रहकर रोमांचक मुकाबले का आनंद लिया।

# प्रतिष्ठित व्यवसायी उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता का निधन

**जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के जरवलरोड बाजार के प्रतिष्ठित व्यवसायी और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता का गुरुवार को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वे हृदय रोग से पीड़ित थे और पिछले चार दिनों से अस्पताल में भर्ती थे, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस



ली। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार कृष्ण कुमार गुप्ता को हृदय संबंधी गंभीर समस्या के चलते चार दिन पहले लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और गुरुवार को उनका देहांत हो गया। उनके निधन की खबर जरवलरोड पहुंचते ही पूरे बाजार में सन्नाटा पसर गया है। कृष्ण कुमार गुप्ता न केवल एक कुशल व्यापारी थे, बल्कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष के रूप में उन्होंने व्यापारियों के हक की लड़ाई हमेशा मजबूती से लड़ी। उनके निधन को व्यापारिक संगठन के लिए एक युग का अंत माना जा रहा है। उनकी पहचान केवल एक कुशल व्यापारी नेता तक सीमित नहीं थी। वे क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी अपनी विशेष भूमिका निभाते थे। धार्मिक आयोजनों से लेकर जनहित के कार्यों में वे सदैव बढ़-चढ़कर भाग लेते थे।

# एसकेएस कालेज में नर्सिंग छात्रों का शत-प्रतिशत परिणाम, 39 में 39 पास

- बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर में सभी विद्यार्थी सफल, संस्थान में खुशी की लहर

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय से संबद्ध डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज के बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर के परिणाम में इस वर्ष संस्थान ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। परीक्षा में सम्मिलित सभी 39 छात्र-छात्राएं सफल घोषित हुए, जिससे पूरे संस्थान में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया। घोषित परिणाम में आयुषी मिश्रा ने 80.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, निशा बाल्मीकि ने 78.66 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय



स्थान प्राप्त किया, जबकि शुभा भारती ने 78 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई और रोशनी, साक्षी अग्रवाल, सौम्या, सौम्या शुक्ला, सौरभ वर्मा, शाहरीन खान, शिखा रस्तोगी, शिवम विश्वकर्मा, श्वेता वर्मा, सृष्टि श्रीवास्तव, वैशाली अवस्थी, वार्तिका पांडेय और विपिन कुमार सहित सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता अर्जित कर संस्थान का नाम रोशन किया। इस शानदार उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. सर्वेश शुक्ला, डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला, मैनेजर आस्था शुक्ला, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी, नर्सिंग प्राचार्या डॉ. के. रोजा रानी, एकाउंट मैनेजर नीलेश तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर संगीता पाल,उदय प्रताप वर्मा,धर्मेंद्र तिवारी सहित समस्त फैकल्टी ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान प्रबंधन ने इसे छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम बताते हुए आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी आगे भी सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।

# शास्त्री डिग्री कॉलेज में कीट प्रबंधन पर संपन्न हुआ वैज्ञानिक व्याख्यान



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

भारत देश में प्रतिवर्ष हानिकारक कीटों के कारण 30त्न कृषि उत्पादन घट जाता है जो खाद्य सुरक्षा के लिए एक बहुत बड़ी समस्या है ,कीट प्रबंधन करके कृषि उत्पादन की गुणवत्ता कई गुना बढ़ाई जा सकती है उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के विज्ञान संकाय में जंतु विज्ञान विभाग , कृषि संकाय एवं आई कयू ए सी के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य प्रोफेसर आर के पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित वैज्ञानिक व्याख्यान के अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए बीएसएन पीजी कॉलेज लखनऊ के जंतु विज्ञान के प्रोफेसर अशोक कुमार ने कही द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया द्य प्रो शर्मा ने कीट प्रबंधन को अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा आज विभिन्न स्रोतों से हमारे खाद्य श्रृंखला में हानिकारक रासायनिक पहुंच रहे हैं जिससे कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी तेजी से बढ़ती जा रही है इसलिए इन्सेक्ट पेस्ट मैनेजमेंट के लिए रसायन का प्रयोग न करके कीट प्रबंधन के अन्य विकल्पों की ओर बढ़ना होगा और इसके लिए किसानों के बीच जागरूकता कार्यक्रम कराया जाना चाहिए, सफल मंच संचालन कृषि विभाग के शिक्षक डॉक्टर करूनेश दुबे ने किया वहीं डॉ शिशिर त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन किया द्य कार्यक्रम में डॉ संजय कुमार, आनंद चतुर्वेदी, अमित दुबे एवं मानसी पांडे का सहयोग सराहनीय रहा।

## कचहेरी रेलवे स्टेशन के पुल के नीचे मिला युवक का शव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के कचहरी रेलवे स्टेशन के सदरुदीन शाह बाबा के निकट स्थित पुल के नीचे 30 वर्षीय जाहिद अली पुत्र कल्लू निवासी रुदौलिया भंभुवा थाना कर्नल गंज का शव मिला है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक का भाई शाहिद अली ने बताया कि उस के भाई की किसी ने हत्या कर के शव को लाकर रेलवे पुल के नीचे फेक दिया है। उस ने बताया कि उस का भाई दिल्ली में रह कर मजदूरी करता था।घर से करीब 6 माह पूर्व कमाने के लिए गया था । मलवार के दिन वैशाली एक्स प्रेस ट्रेन पर घर आने के लिए बैठा था। रास्ते में आते समय उस की बात घर वालो से हुई थी।

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चला बुल्डोजर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** थाना कोतवाली क्षेत्र के खोरहसा चौकी के खोरहसा बाजार में प्राथमिक विद्यालय के सामने गाटा संख्या 327 पुरानी परती 0.210 थी जिसको 11 लोगो ने कब्जा कर निर्माण कर लिया था जो ग्राम समाज की जमीन थी।आज जिला प्रशासन द्वारा भारी मात्रा में पुलिस बल के साथ पहुचकर सरकारी जमीन को अवैध अतिक्रमण को बुल्डोजर से गिराकर अतिक्रमण मुक्त कराया जिसमे गोण्डा सदर तहसीलदार ने बताया कि इन लोगों 6 महीने से कई बार नोटिस देकर कब्जा खाली करने को कहा गया लेकिन इन लोगो द्वारा न कोई जबाब दिया गया न कब्जा की गई जमीन से अतिक्रमण हटाया गया इस लिए आज जिला प्रशासन द्वारा पुलिस बल और उच्च अधिकारियों के मौजूदगी



में बुल्डोजर से गिरा कर कब्जा किये हुऐ जमीन को खाली कराया गया जिसमें 11 लोगो द्वारा अवैध तरीके से निर्माण किये गये लोगो मे से आज चार लोंगो से कब्जा मुक्त कराया गया है ।जिन लोगो से कब्जा खाली कराया गया है उनका नाम है। इरशाद, दिलशाद इमाम अली ,और, मदरसा की जमीन और जो लोग बचे हुये उन लोगों का न्यायालय द्वारा स्टे ले रखा है और न्यायालय में मुकदमा चल रहा और प्रशासन द्वारा पैरवी कर जल्द ही इन लोगो द्वारा कब्जा कर रखे निर्माण को गिराया जायेगा ।जब कि वहाँ पर मौजूद लोगों ने बताया कि केवल गरीबो का आशियाना तोड़ा गया गया और प्रशासन द्वारा पक्षपात किया गया है। मौके पर एसडीएम सदर, सीओ सिटी सदर,तहसीलदार, लेखपाल, देहात कोतवाली के थाना प्रभारी निरीक्षक सहित कई थानों के पुलिस मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की स्वास्थ्य, पंचायती राज, आंगनबाड़ी, मनरेगा व प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा बैठक



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में विकास विभाग के संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मेडिकल कॉलेज ओपीडी शिफ्ट, डाक्टरों की कमी, डायनिंग, नर्स स्टाफ, मेडीको लीग, मेडिकल कॉलेज वाटर लागिंग की समस्या, सीएचसी ओपीडी, डिलीवरी, ऑक्सीजन प्लांट कितने लगे है, कुल कितने पद सृजित हैं आदि के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जिलाधिकारी ने गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद में सीएचसी अधीक्षकों द्वारा सीएचसी पर रात्रि निवास नहीं किया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रात्रि में रैंडम चेकिंग की जाय और फोटोग्राफ के साथ बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर तैनात सीएचओ की आनलाइन लाइव लोकेशन की उपस्थिति प्रतिदिन लेने के निर्देश दिये हैं उन्होंने कहा है कि सुबह 10~00 बजे और दोपहर 3~00 बजे इनकी उपस्थिति ली जाय, तथा डिटेल्स तैयार कर जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में फोटोग्राफ के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि जनपद के 297 ग्राम पंचायतों में तैनात सीएचओ की उपस्थिति के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप तैयार करके उपस्थिति ली जाय। आंगनबाड़ी विभाग की समीक्षा करते हुए डीपीओ कार्यक्रम को निर्देश दिये गए हैं कि जितने भी आवेदन लंबित है उनको तत्काल निस्तारित किया जाय। आयुष्मान भारत कार्ड बनाने की समीक्षा की गई, तथा कार्ड बनाने की पात्रता क्या है, के संबंध में जानकारी ली, तथा खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि आयुष्मान भारत कार्ड के मृतक कार्ड धारकों की जांच कराकर रिपोर्ट तैयार की जाय।

समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा है कि तहसीलवार जनपद स्तरीय अधिकारियों को नोडल के रूप में लगाया जाय, ताकि ये आयुष्मान भारत कार्ड तथा फैमिली आईडी बनाने की समीक्षा करते हुए समय से कार्य को पूर्ण करायें। बैठक में आभा आईडी की भी समीक्षा की गई, तथा निर्देश दिये गए कि ब्लॉकवार कैम्प लगवा कर सभी मजदूरों एवं पात्र व्यक्तियों का आभा आईडी बनवाया जाय।

# युवा पीढ़ी को विरासत से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा : जयवीर

**▸ धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास, अवस्थापना सुविधाओं के लिए 68780.28 लाख अवमुक्त**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के लगभग सभी मण्डलों के अंतर्गत आने वाले जनपदों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पर्यटन विकास की 570 नवीन परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान करते हुए 68780.28 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त की गई है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि आगरा के विभिन्न विधानसभाओं में स्थित मंदिरों आदि के लिए धनराशि अवमुक्त की गई है।

आगरा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में स्थित कैला माता मंदिर, फतेहपुर सीकरी के शीतलाकुण्ड धाम मंदिर, फतेहाबाद के शती माता मंदिर, खैरागढ़ में स्थित बाबा दीनदयाल मंदिर, आनंदी भैरो मऊ स्थित नाथ संप्रदाय के प्राचीन मंदिर के पर्यटन विकास के लिए क्रमशः 1-1 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृति की गई है। आगरा कैण्ट स्थित पर्यटन कार्यालय के पुराने भवन के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपये, आगरा उत्तर गुरू का ताल गुरूद्वारा का पर्यटन विकास के लिए 2 करोड़ रुपये, बाह विधान सभा क्षेत्र स्थित बटेश्वर धाम में घाट विकास कार्य हेतु 19 करोड़, इसी विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बटेश्वर धाम में दो प्रवेश द्वारों के निर्माण हेतु 5 करोड़ रुपये, इसी विधान सभा क्षेत्र में रपड़ी इको-टुरिज्म क्षेत्र में साइनेज के कार्य हेतु 1 करोड़ रुपये तथा बाह में ही स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मस्थली के पर्यटन विकास हेतु 2 करोड़ रुपये तथा एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित 2 परियोजनाओं के लिए जैसे आदिनाथ भरत बाहुबली त्रिमुर्ति जैन मंदिर, एत्मादपुर के पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के लिए 1 करोड़ तथा इसी विधानसभा क्षेत्र में स्थित छत्रपति शिवाजी महराज संग्रहालय की परियोजना हेतु 1 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृति की गई है।



**▸ धार्मिक सांस्कृतिक विरासतों के सौन्दर्यीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं खातिर 570 नवीन परियोजनाएं स्वीकृत**

**▸ अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मस्थली के पर्यटन विकास के लिये 2 करोड़ स्वीकृत**

पर्यटन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश के जनपदों में प्राचीन स्थलों में अवथापना सुविधाओं के विकास पर अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विकास परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। युवा पीढ़ी को विरासत से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनायेगी ओबीसी कांग्रेस, कई राज्यों के बड़े नेता होंगे शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

ओबीसी कांग्रेस देशभर में सत्यशोधक महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती मना रही है। इसी क्रम में 11 अप्रैल 2026 को लखनऊ स्थित, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरियम में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, तेलंगाना के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कांग्रेस के कई बड़े नेता शामिल होंगे। यह जानकारी कांग्रेस के ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने गुरूवार को एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि महात्मा फुले ने अकेले ही सामाजिक क्रांति का बिगुल फूंका और ओबीसी, एससी, एसटी समाज को सामाजिक गुलामी से मुक्त किया। आज इस अधूरी सामाजिक क्रांति को न्याय योद्धा राहुल गांधी आगे बढ़ा रहे हैं।

वैज्ञानिक जाति जनगणना की मांग

डॉ. जयहिंद ने मोदी सरकार से मांग की कि देश में एक वैज्ञानिक जाति जनगणना कराई जाए, जिसमें केवल जातियों की गिनती ही नहीं, बल्कि उनकी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक स्थिति, सरकारी नौकरियों, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और नौकरशाही में हिस्सेदारी का विस्तृत डेटा एकत्र किया जाए। उन्होंने बताया कि जनगणना के हाउसिंग फॉर्म में ओबीसी का अलग से उल्लेख नहीं है, जो यह दर्शाता है कि सरकार ओबीसी समाज की वास्तविक स्थिति को जानने और सुधारने के प्रति गंभीर नहीं है। डॉ. जयहिंद ने स्पष्ट किया कि यदि ओबीसी महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार नहीं दिया गया, तो देशव्यापी सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया जाएगा।

डॉ. जयहिंद ने कहा कि प्रस्तावित महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी महिलाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रस्तावित 273 सीटों में अधिकांश सामान्य वर्ग को मिलेंगी, जिससे संसद की सामाजिक संरचना असंतुलित हो जाएगी और लोकतंत्र में समान भागीदारी का सिद्धांत कमजोर होगा।

## खबरें एक नजर में

### बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से मृत महिला के खाते से निकाले 10 लाख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंडियन बैंक की स्वास्थ्य भवन शाखा पर गंभीर अनियमितता का आरोप लगा है। पीड़ित का आरोप है चालक ने बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से दिवंगत भाभी के खाते से 10 लाख रुपये गायब कर दिए। पीड़ित ने बैंक में शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एडीसीपी पश्चिम धनंजय कुशवाहा के निर्देश पर वजीरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। राजेंद्र नगर निवासी यतेंद्र कुमार पंत ने बताया कि उनकी भाभी गीता पंत का निधन 6 मई 2021 को हो गया था। भाभी के निधन से पहले भाई देवेंद्र का स्वर्गवास हो चुका था। दोनों की मृत्यु के बाद उनके ड्राइवर पवन पर संपत्ति में धोखाधड़ी करने का आरोप लगा था। जिसकी रिपोर्ट 8 मई 2022 को पारा थाने में दर्ज कराई गई थी। पीड़ित ने बताया कि 30 मई 2022 को उन्होंने इंडियन बैंक की स्वास्थ्य भवन शाखा में लिखित प्रार्थना पत्र देकर भाभी के खाते को बंद (स्टॉप) कराने का अनुरोध किया था। शाखा प्रबंधक ने उसी समय खाते को बंद करने का आदेश दिया। उस समय खाते में उस समय 28,11,546 रुपये बैलेंस दिखाया गया था। न्यायालय में लंबित उत्तराधिकार प्रकरण के दौरान बैंक द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में खाते में लगभग 18 लाख रुपये ही दिखाए गए। आरोप है कि खाता बंद होने के बाद भी पवन ने बैंककर्मियों की मिलीभगत से 10 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित का कहना है कि 13 दिसंबर 2024 को भी शाखा में शिकायत दी गई। कई बार बैंक प्रबंधक से शिकायत की लेकिन कुछ नहीं हुआ। बल्कि उनके साथ अभद्रता की गयी। पीड़ित यतेंद्र ने एडीसीपी पश्चिम से मुलाकात कर शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर वजीरगंज पुलिस ने पवन और अज्ञात बैंककर्मियों के खिलाफधोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### खेत में मिला महिला का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव में गुरुवार सुबह गांव के रफीक ने खेत में लगभग 35 वर्षीय अज्ञात महिला का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने शव मिलने की जानकारी थाना पुलिस को दी। इब्राहिमगंज के प्रधान शकील के अनुसार, शव की स्थिति देखकर लग रहा है कि महिला ने हमलावरों से बचने के लिए काफी संघर्ष किया होगा। महिला के शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान भी हैं। स्थानीय लोगों से जानकारी मिलने पर एडीसीपी धनंजय कुशवाहा के साथ काकोरी, पारा और दुबग्गा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम को भी साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और महिला की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। एडीसीपी धनंजय कुशवाहा के अनुसार जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

### लखनऊ में मंदिर की दीवार झुग्गी पर गिरी, मलबे में दबकर तीन माह के मासूम की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र में स्थित एक मंदिर की जर्जर दीवार गुरुवार को अचानक गिर गई। दीवार का मलबा बगल में बनी झुग्गी पर जा गिरा और उसमें सो रहे तीन माह के अबोध बच्चे की दबकर मौत हो गई। एसीपी अलीगंज सर्किल शशिकांत मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में पुराना हनुमान मंदिर है। मंदिर की एक जर्जर दीवार आज अचानक ढह गई। दीवार का मलबा पास बनी झुग्गी पर जा गिरा, जहां एक तीन महीने का मासूम सो रहा था। दीवार के मलबे में बच्चे के दबने से परिजन और क्षेत्रीय लोग मदद के लिए पहुंचे। इस सूचना पर थाना पुलिस भी कुछ समय में मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू कराते हुए मलबे में दबे बच्चे को निकलवाया। गंभीर हालत में बच्चे को नजदीकी अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए केजीएमयू रेफर किया, जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। बच्चे रूपलाल की मौत के बाद से मां संध्या, पिता गजोधर एवं बाबा मेवालाल गमजदा है। फिलहाल थाना पुलिस हादसे की जांच शुरू करते हुए अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### राष्ट्रीय लोकदल 14 को मनाएगा सामाजिक समरसता दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के तत्वावधान में 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश में सामाजिक समरसता दिवस के रूप में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दिन को समाज में समानता, भाईचारे और सामाजिक न्याय के मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर मनाने की तैयारी की गई है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जनपदों में पार्टी कार्यकर्ता पूरी सक्रियता और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित करेंगे। यह दिवस केवल एक जयंती न होकर समाज के सभी वर्गों को जोड़ने और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों, क्षेत्रीय अध्यक्षों एवं महानगर अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपदों के जिला मुख्यालयों, तहसील एवं ब्लॉक स्तर तक कार्यक्रमों का आयोजन करें। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न जनपदों में रक्तदान शिविर, विचार गोष्ठियां, ग्राम चौपाल, सामाजिक जागरूकता अभियान एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके विचारों पर आधारित संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार, शिक्षा, संविधान और सामाजिक न्याय के प्रति जागरूक किया जाएगा। सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, युवाओं एवं संगठनों को राष्ट्रीय लोकदल द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# सेवा, समर्पण व करुणा की भावना भारत की वास्तविक शक्ति : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनभवन में विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

इस अवसर उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल की उपस्थिति में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति सदैव संपूर्ण विश्व के कल्याण, शांति और मानवता की भावना से ओत-प्रोत रही है।

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जब तनाव और अस्थिरता का वातावरण है, ऐसे समय में जैन धर्म का नवकार महामंत्र विश्व को शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं आध्यात्मिक संतुलन प्रदान करने का सामर्थ्य रखता है।

**▸ विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर वैश्विक शांति एवं एकता का संदेश**

**▸ उप मुख्यमंत्री लिया जन भवन में कार्यक्रम में हिस्सा**

विश्व नवकार महामंत्र दिवस केवल धार्मिकआयोजन नहीं बल्कि वैश्विक एकता, आध्यात्मिक जागृति और मानव कल्याण का व्यापक अभियान है। इस अवसर पर 108 देशों के लाखों लोग एक साथ जुड़कर विश्व शांति और समरसता के लिए नवकार महामंत्र का जाप कर रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री ने जैन समाज द्वारा किए जा रहे सेवा, गौसंरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक समरसता सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सेवा, समर्पण और करुणा की भावना ही भारत की वास्तविक शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर है। सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना तथा समावेशी विकास है। भारत केवल आर्थिक प्रगति ही नहीं बल्कि शांति, धैर्य और सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ रहा है, जिससे उसे वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान प्राप्त हो रही है।



उन्होंने देश एवं प्रदेशवासियों को विश्व नवकार महामंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवकार महामंत्र आध्यात्मिक जागृति, अहिंसा और आस्था का मूल आधार है, जो मानव चेतना को ऊर्जावान बनाते हुए शांति एवं आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने आह्वान किया कि अवसर पर नागरिक इसके संदेशों को आत्मसात करते हुए अपने जीवन में सत्य, अहिंसा और करुणा को अपनाने का संकल्प लें।कार्यक्रम मेंविधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजन विश्व शांति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता को और अधिक सशक्त बनाते हैं।

# सीईसी ने अनुराग को चुनाव ऑब्जर्वर पद से हटाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बंगाल में चुनाव ड्यूटी के दौरान एक बड़ा प्रशासनिक विवाद सामने आया है। जिसने नौकरशाही और चुनावी व्यवस्था दोनों में हलचल मचा दी है। उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अनुराग यादव को पश्चिम बंगाल में उनके ऑब्जर्वर पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। जानकारी के अनुसार कोलकाता में आयोजित एक हाई-लेवल मीटिंग के दौरान अनुराग यादव और मुख्य चुनाव आयुक्त के बीच तीखी नोकझोंक हो गई।

इस दौरान जब उनसे कुछ अहम सवाल पूछे गए, तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूत्रों के मुताबिक स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब मुख्य चुनाव आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए सख्त टिप्पणी की और उन्हें घर जाओ तक कह दिया।



इस पर अनुराग यादव ने भी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आप ऐसे बात नहीं कर सकते3 मैंने इस सेवा में 25 साल दिए हैं, आप मेरे साथ ऐसा व्यवहार नहीं कर सकते। इस तीखी बहस के तुरंत बाद चुनाव आयोग ने कड़ा रुख अपनाते हुए अनुराग यादव को उनके ऑब्जर्वर पद से हटा दिया। इस फैसले को प्रशासनिक अनुशासन बनाए रखने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। घटना के बाद से प्रशासनिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

# उत्तर प्रदेश बना जेम पोर्टल से खरीद में शीर्ष राज्य

**▸ जेम पोर्टल से सर्वाधिक 3606 करोड़ की खरीद कर यूपी में नगर विकास विभाग अव्वल**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारदर्शी नीतियों ने उत्तर प्रदेश को देश के सामने रोड मॉडल के तौर पर पेश किया है। किसानों से गन्ना, गेहूं-चावल व अन्य कृषि उत्पाद खरीदने का मामला हो या सरकारी विभागों की विविध आवश्यकताओं से जुड़ी खरीद का, योगी सरकार ने पारदर्शिता के उच्च मानदंड स्थापित किए हैं। प्रदेश के सरकारी महकमों ने अपनी अधिसंख्य खरीद जेम पोर्टल से सुनिश्चित कर यूपी को अन्य राज्यों से आगे लाकर खड़ा कर दिया है।

वित्त वर्ष 2025-26 में जेम पोर्टल पर खरीद में उत्तर प्रदेश देश के अन्य राज्यों के सामने मिसाल बना है। देश में शीर्ष स्थान पर काबिज उत्तर प्रदेश ने इस अवधि में जेम पोर्टल पर 22,337 करोड़ रुपये की खरीद की। प्रदेश की कुल खरीद में सर्वाधिक हिस्सेदारी नगर विकास विभाग की रही, जिसने 3606 करोड़ रुपये की खरीदारी जेम पोर्टल के माध्यम से की। भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश की जेम पोर्टल क्रय नीति की सराहना करते हुए पारदर्शी खरीद में यूपी को रोल मॉडल राज्य घोषित किया है। वित्त वर्ष 2025-26 में जेम पोर्टल खरीद में यूपी अव्वल है।





यूपी 22,337 करोड़ गुजरात 14,009 महाराष्ट्र6113 दिल्ली 4278 छत्तीसगढ़ 3935 बिहार 3611 मध्य प्रदेश 2900 जम्मू-कश्मीर 2653 झारखंड 2647 और असम 2494 करोड़ रहा।

वित्त वर्ष 2025-26 में जेम पोर्टल पर यूपी के शीर्ष 10 विभागों की खरीद क्रमशः नगर विकास विभाग-3606 चिकित्सा शिक्षा-2973चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग-2498 गृह विभाग-1852 ऊर्जा विभाग-1192 पशुपालन विभाग-1139 बेसिक शिक्षा विभाग-812 ग्रामीण विकास 755 माध्यमिक शिक्षा 560 महिला एवं बाल विकास विभाग450 करोड़ है।

विभागों को जेम पोर्टल के माध्यम से खरीद के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उत्तर प्रदेश ने वित्त वर्ष 2025-26 में जेम पोर्टल के माध्यम से सर्वाधिक खरीद कर अन्य राज्यों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# भाजपाइयों के लिए एआई का मतलब इनकम : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार जाते-जाते हर तरीके से जनता से पैसे वसूलने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि पहले ट्रैफिक पुलिस के माध्यम से वसूली कराई जा रही थी और अब एआई के नाम पर जनता को लूटने का नया तरीका निकाला गया है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपाइयों के लिए एआई का मतलब आमदनी (इनकम) बन गया है। यादव ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, ट्रैफिक जाम के पीछे कई वास्तविक कारण हैं, जिन पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इसकी वजह सड़कों की खराब स्थिति, संकरी सड़कें, खराब ट्रैफिक सिग्नल, नाकाबंदी, रूट डायवर्जन, वन-वे व्यवस्था की कमी, जलभराव, डिवाइडर की खराब हालत और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन आदि है।

ट्रैफिक पुलिस की कार्य परिस्थितियां भी बेहद खराब हैं और उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। ड्राइवरों पर समय पर पहुंचने का दबाव, मानसिक तनाव और वाहनों की खराब फिटनेस भी दुर्घटनाओं और जाम की वजह बन रही है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी कम रहती है, जबकि आगे मोड़ों पर छिपकर चालान काटने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अब डिजिटल पेमेंट के जरिए वसूली का नया तरीका अपनाया जा रहा है, जिससे जवाबदेही और पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। सीसीटीवी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अक्सर रिकॉर्डिंग केवल चुनिंदा मामलों में ही उपलब्ध कराई जाती है, जबकि अन्य मामलों में तकनीकी खराबी का हवाला दिया जाता है। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता अब इस व्यवस्था से परेशान हो चुकी है और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर करने के लिए तैयार है।



# ज्वलनशील पदार्थों से बचायें खलिहान : कृषि विभाग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के कुछ जनपदों में खेत-खलिहानों में आगजनी की घटनाओं पर कृषि विभाग किसानों को जागरूक कर रहा है। कृषि विभाग ने जनपदों में तैनात कृषि अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस समय किसान बेमौसम बारिश से परेशान हैं। कुछ जनपदों में आगजनी की घटनाएं भी सामने आई हैं। ऐसे में किसानों के पास पहुंचकर उन्हें जागरूक करें कि वे खलिहानों का सिगरेट, बीड़ी व अन्य ज्वलनशील पदार्थों से बचाव करें। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इन दिनों निरंतर किसानों से संपर्क में रहें। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी हो, इसके लिए भी लगातार किसानों से संवाद स्थापित करें। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की कि वर्तमान में सरसों, चना, मसूर, मटर जैसी फसलों की कटाई एवं मड़ाई पूर्ण करते हुए भण्डारण इत्यादि किया जा रहा है। सर्वाधिक क्षेत्र में उगाई गई गेहूं की फसल को कुछ दिनों से विभिन्न क्षेत्रों में हो रही वर्षा से क्षति की आशंका है। ऐसे में किसान इस समय फसलों की कटाई एवं मड़ाई के समय सावधानी बरतें। विभाग ने किसानों से कहा कि खेतों में यदि खड़ी फसल है और भीग गई है तो एक या दो दिन सूखने का मौका दें। यदि फसल की कटाई हो गई है और लांक खेत में पड़ी है तो खेत में पानी न रुकने दें अथवा बोझा बांधकर खड़ा कर दें। यदि फसल कटकर खलिहान में पड़ी है और भीग गई है तो उसे खोलकर हवा व धूप लगने दें जिससे जल्द ही सूख जाए, तत्पश्चात मड़ाई करें। यदि दाने भीग गए हैं तो उसे मात्र 10 प्रतिशत तक नमी बचने के बाद भंडारित करें। बीज उत्पादक कृषक हार्वेस्टर कंबाइन से कटाई कराते समय सफाई का विशेष ध्यान रखें। वर्तमान में नमी के दृष्टिगत भण्डारण के समय भण्डार स्थल अथवा बखारी, बोरा, दीवाल आदि को धूमरीकरण फ्यूमिगेशन अवश्य कर लें, जिससे भण्डारगृह साफसूखा एवं कीटमुक्त रहे। थोड़ी सी सावधानी व उचित प्रबंधन से वर्षा से होने वाले संभावित नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**▸ बेमौसम बरसात से दाने भीग गए हैं तो उनमें 10 प्रतिशत तक नमी बचने के बाद ही करें भंडारण**

### उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर बदायूं में बीडीओ मुनब्बर खां निलंबित





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बदायुं के विकास खण्ड इस्लामनगर विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी मुनब्बर खाँ को दायित्व निर्वहन मे शिथिलता व लापरवाही के लिए प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निलम्बित कर दिया। इनके विरूद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियमावली के अन्तर्गत विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश भी दिये गये हैं।

**सराहनीय** | **इनोवेटिव बिजनेस में बढ़ा युवाओं का रुझान**

# ‘सीएम युवा’ पहल से आत्मनिर्भर बन रहे युवा

**▸ इनोवेशन से स्थापित हो रहे स्टार्टअप**

**▸ बैंकों के सहयोग से स्टार्टअप इकोसिस्टम को मिली मजबूती**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में सीएम युवा योजना के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।

योगी सरकार के प्रयासों से प्रदेश में इनोवेशन आधारित स्टार्टअप तेजी से उभर रहे हैं, जिससे हजारों युवाओं को न केवल रोजगार मिल रहा है बल्कि वे खुद रोजगार सृजनकर्ता भी बन रहे हैं। सीएम युवा योजना के माध्यम से प्रदेश में अब तक 10 हजार से अधिक इनोवेटिव उद्यम स्थापित किए जा चुके हैं, जो यह दर्शाता है कि युवाओं में उद्यमिता को लेकर आत्मविश्वास तेजी से बढ़ा है। युवा पारंपरिक व्यवसायों से आगे बढ़कर नए और आधुनिक क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना रहे हैं।

सीएम युवा के नोडल अधिकारी और ज्वाइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला के अनुसार ‘सीएम युवा’ जैसी योजनाओं के माध्यम से न केवल रोजगार के अवसर बढ़े हैं, बल्कि उत्तर प्रदेश अब आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।





सीएम युवा के माध्यम से अब तक स्थापित कुल उद्यमों में 10 फीसदी इनोवेटिव मॉडल पर आधारित उद्यम हैं।

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप मौजूदा वित्तीय वर्ष में इसे 25 फीसदी तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अगर सेक्टरवार आंकड़ों पर नजर डालें तो फूड और रेस्टोरेंट व्यवसाय युवाओं की पहली पसंद बनकर उभरा है, सर्वाधिक 763 उद्यम स्थापित हुए हैं। कंप्यूटर ट्रेनिंग 370, पैथोलॉजीसैंपलिंग 260, फास्ट फूड 253 फ्रेंचाइजी आधारित मॉडल 253 और ऑनलाइन टीचिंग 189 जैसे क्षेत्रों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है। वहीं जिम 170 मोबाइल आईटी एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म 120, ट्रैवल एंड टूरिज्म 117 और क्लाउड किचन 117 जैसे उभरते क्षेत्रों में भी स्टार्टअप तेजी से बढ़ रहे हैं। लखनऊ 287 उद्यमों के साथ शीर्ष पर है। आजमगढ़ 286) हरदोई 262, जौनपुर लगभग 250 अंबेडकर नगर 241, कानपुर 236 वाराणसी 229 रायबरेली 225 बरेली 208 और फिरोजाबाद 197 जैसे जनपद इनोवेटिव मॉडल अपनाने में अग्रणी बनकर उभरे हैं। योगी सरकार की इस पहल ने प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति को नई दिशा दी है। पूरे स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने में बैंकों की भूमिका भी बेहद अहम रही है। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने सर्वाधिक 2133 इनोवेटिव मॉडलों को ऋण उपलब्ध कराया है। इसके अलावा एसबीआई 1549, बैंक ऑफ बड़ौदा 1170, पंजाब नेशनल बैंक 1018 बैंक ऑफइंडिया 774 सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 589 केनरा बैंक 585, इंडियन बैंक 573, यूनियन बैंक ऑफइंडिया 399 और यूको बैंक 182 ने भी युवाओं को आर्थिक सहयोग प्रदान कर उनके स्टार्टअप को गति दी है।

# एनसीसी कैडेट्स ने मानवता का दिया संदेश विशेष बच्चों संग बिताया स्नेहपूर्ण समय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ के 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा समाज सेवा की भावना को साकार करते हुए एक विशेष शैक्षणिक एवं सामाजिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम 19 यू पी गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल (डॉ.) दिनेश कुमार पाठक एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय के मार्गदर्शन तथा एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स कैवल्य फाउंडेशन, लखनऊ पहुँचीं, जो पलेहन्दा, ईटगांव स्थित बधिर, दिव्यांगजन एवं मानसिक मंदित बच्चों के लिए संचालित एक विशेष विद्यालय है। संस्था के संचालक डॉ. कौशलेंद्र कुमार ने कैडेट्स को विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं से अवगत कराया। भ्रमण के दौरान कैडेट्स ने विशेष विद्यार्थियों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय व्यतीत किया, उनके साथ विभिन्न खेल खेले तथा उन्हें खाद्य सामग्री एवं शैक्षणिक सामग्री वितरित की। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता प्रदर्शित करते हुए विद्यालय परिसर में औषधीय पौधों का रोपण भी किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा कैडेट्स में मानवीय संवेदनाओं का विकास करना तथा उन्हें समाज के विशेष एवं वंचित वर्ग के प्रति अपने दायित्वों के प्रति जागरूक बनाना था। इस सामाजिक पहल में 19 यू.पी. गर्ल्स बटालियन के सूबेदार आर.के.राई सहित अंडर ऑफिसर अंजलि वाजपेई, दीप्ति, सिद्धी यादव, बुशरा हामिद तथा कैडेट रजनी, अनुष्का, भूमिका, निकिता, दिव्यांशी, आंचल, प्रीति कुमारी, प्रिया तिवारी, आस्था त्रिपाठी, निष्ठा मिश्रा, अरुंधति, वैष्णवी, सुरुचि, उरूज, रिया, विनीता, गरिमा, सादिया, जूही, प्रिया रावत, मुस्कान, शालिनी, निधि, तान्या, इशिता, प्रियांशी, अलिशा का सक्रिय सहयोग रहा। साथ ही बटालियन ड्राइवर विशाल कुमार का भी विशेष योगदान रहा। यह कार्यक्रम न केवल कैडेट्स के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव सिद्ध हुआ, बल्कि समाज सेवा एवं मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक पहल भी साबित हुआ।

## दो हफ्ते का युद्धविराम

कयामत की रात, बिना कयामत के ही, गुजर गई और एक सभ्यता भी खत्म होने से बच गई। ईरान की 5-6 हजार साल पुरानी सभ्यता को खत्म भी नहीं किया जा सकता था, बेशक अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप कुछ भी बयान दें। सिकंदर और मंगोल शासक भी ईरान की सभ्यता को खत्म नहीं कर पाए। बहरहाल सभ्यता खत्म करने की 'डेडलाइन' से पहले ही, 8 अप्रैल की भोर में, युद्धविराम की घोषणा कर दी गई। युद्धविराम फिलहाल दो सप्ताह तक रहेगा। यह घोषणा करने से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने फोन पर इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बातचीत की।

अंततः नेतन्याहू को ट्रंप का फैसला स्वीकार करना पड़ा। ईरान युद्ध के 40वें दिन युद्धविराम हो सका है। अब अमरीका-ईरान के प्रतिनिधि 10 अप्रैल से इस्लामाबाद में बातचीत करेंगे और बृहद् शांति-समझौते की जमीन तैयार करेंगे। अब वैश्विक सवाल और जिज्ञासा है कि क्या युद्ध का यह दौर स्थायी रूप से खत्म होगा? क्या अमरीका अपनी सेना को वापस बुला लेगा? क्या इजरायल ईरान का अस्तित्व मिटाने के अपने पुराने लक्ष्य और मंसूबे को हासिल करने के लिए युद्ध की फिर शुरुआत करेगा? बेशक राष्ट्रपति ट्रंप इस अस्थायी युद्धविराम को ही 'मुकम्मल जीत' मान रहे हैं, विश्व शांति का सबसे बड़ा दिन कह रहे हैं और इसे मध्य-पूर्व के 'स्वर्ण-युग' का दिन भी करार दे रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि 39 दिन के युद्ध में वह पूरी तरह नाकाम रहे हैं। ईरान में कट्टरपंथी हुकूमत बदलने, परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने, बैलिस्टिक मिसाइल के उत्पादन पर अंकुश लगाने, होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने, ईरानी सेना को नेस्तनाबूद करने, ईरान में बगावत और सत्ता-परिवर्तन कराने, तेल पर कब्जा करने के जो अमरीकी, घोषित मंसूबे थे, राष्ट्रपति ट्रंप उनमें नाकाम रहे हैं। सभ्यता-विध्वंस की डेडलाइन से पहले ही उन्हें ईरान का 10-सूत्रीय प्रस्ताव स्वीकार करना पड़ा, क्योंकि प्रस्ताव व्यावहारिक लगा। अब दो हफ्तों तक हमले नहीं किए जाएंगे। दोनों देश दीर्घकालीन शांति-समझौते पर बातचीत करेंगे।

दरअसल इस युद्ध में, युद्धविराम तक, न तो अमरीका जीता और न ही ईरान पराजित हुआ है। सिर्फ बर्बादी, विध्वंस और मिट्टी-मलबे की जीत हुई है। युद्ध के 39 दिनों में ईरान वाकई 'कब्रिस्तान' बना दिया गया, लेकिन उसका योद्धा वाला चरित्र, मनोबल और अस्तित्व आज भी जिंदा है। ईरान परमाणु कार्यक्रम जारी रखेगा, यूरेनियम का संवर्द्धन भी करता रहेगा, लेकिन बम नहीं बनाएगा, यह आश्वासन संवाद के दौरान ईरान दे सकता है। चीन ने 'वास्तविक मध्यस्थ' की भूमिका निभाई और ईरान के सख्त, अड़ियल रवैये को नरम कराया और युद्धविराम के लिए तैयार किया। ईरान युद्ध को स्थायी रूप से खत्म करने की अमरीकी गारंटी चाहता था। इस्लामाबाद इसलिए चुना गया, क्योंकि वह ईरान को भी पास पड़ता है और पाकिस्तान अमरीका का ही 'उपनिवेश-सा' है। पाकिस्तान, तुर्किए, मिस्र की भूमिका 'डाकिए' या 'संदेशवाहक' की रही। अमरीकी उपराष्ट्रपति वेंस संवाद के लिए इस्लामाबाद जाएंगे, तो कोई चाय-पानी पिलाने वाला भी चाहिए। बहरहाल अमरीका युद्धविराम के लिए अचानक तैयार हो गया, इसकी अंदरूनी स्टोरी एफबीआई की रपट भी हो सकती है। एफबीआई ने रपट दी थी कि अब विश्व में अमरीकियों के लिए हालात खतरनाक हो सकते हैं। उनकी हत्याएं भी की जा सकती हैं, लिहाजा युद्ध को आगे न बढ़ाया जाए। जमीनी युद्ध की तो शुरुआत तक न की जाए। संभवतः इस रपट ने राष्ट्रपति ट्रंप को 'सद्बुद्धि' दी और वह युद्धविराम के लिए सहमत हो गए। बहरहाल यह युद्धविराम ही अंतिम, निर्णायक स्थिति नहीं है, क्योंकि कई मुद्दे अनसुलझे लगते हैं। मसलन-होर्मुज पर ईरान ने अपने और ओमान के कब्जे की बात कही है और वे जहाजों से 20 लाख डॉलर प्रति जहाज का 'टोल' भी वसूलेंगे। अमरीका अब भी होर्मुज पर अपनी उपस्थिति की पैरवी कर रहा है, जो ईरान को स्वीकार्य नहीं है। बहरहाल युद्धविराम पर विश्व की प्राथमिक प्रतिक्रियाएं सुखद हैं। कच्चे तेल की कीमत 9 फीसदी लुढ़क कर 92 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है। एशिया और यूरोप के बाजार तेजी के साथ खुले हैं।

# ईरान-अमेरिका-इजरायल संघर्ष का भारत पर प्रभाव : भारतीय कूटनीति की परीक्षा



नरेन्द्र मिश्रा

युद्ध से ऐसी असंभाव्य परिस्थितियों उत्पन्न होती है जिसका पूर्व आकलन करना असंभव होता है। किंतु इन्हीं असंभाव्य परिस्थितियों के कारण वैश्विक व्यवस्था रूपांतरण की प्रक्रिया से गुजरती है। अमेरिका इजरायल संयुक्त सैन्य अभियान ऑपरेशन एपिक फ्यूरी जोकि फरवरी 2026 को ईरान के खिलाफ चलाया गया, जिसमें हवाई हमले में में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई मारे गए। इस समन्वित हमले के बाद अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच संघर्ष और भी तीव्र हो गया है। जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने इजरायल और मध्यपूर्व में स्थित अमेरिका के रणनीतिक सहयोगी राष्ट्रों के सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमले किए। इन हमलों में यूएई, कुवैत, कतर, बहरीन, सऊदी अरब, जॉर्डन और इराक सहित कई खाड़ी देशों के ऊर्जा (तेल और गैस) और नागरिक बुनियादी ढांचे प्रभावित हुए। हुए। इस संघर्ष ने क्षेत्रीय तनाव को बढ़ा दिया है और पश्चिम एशिया में एक व्यापक युद्ध की आशंकाओं को जन्म दिया है।

ईरान ने दुनिया के सबसे व्यस्त तेल परिवहन चैनलों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से अवरुद्ध कर दिया साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से गुजरने की कोशिश करने वाले कुछ जहाजों पर हमला किया। इन हमलों और धमकियों के कारण यातायात लगभग ठप हो गया जिसमें 95 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। ईरान, इराक, कुवैत, कतर और संयुक्त अरब अमीरात से निर्यात होने वाले पेट्रोलियम के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य ही प्राथमिक मार्ग है। इसी मार्ग से वैश्विक तेल और LNG का लगभग 20% हिस्सा गुजरता है। होर्मुज जलडमरूमध्य उर्वरक कच्चे माल के निर्यात का भी एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां उत्पादन प्रक्रिया में प्राकृतिक गैस का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। विश्व के उर्वरक व्यापार का लगभग एक तिहाई हिस्सा सामान्यतः इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की और अन्य महत्वपूर्ण वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हुई। यूरोप और एशिया में प्राकृतिक गैस की कीमतें, जो आयातित द्रवीकृत प्राकृतिक गैस पर बहुत अधिक निर्भर हैं, और भी तेज़ी से बढ़ी हैं। प्रमुख शिपिंग मार्गो में व्यवधान के कारण ऊर्जा संकट उत्पन्न हो गया है। और युद्ध के कारण वैश्विक ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं। अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में से10% से अधिक की वृद्धि हुई है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सील कर दिया। तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई।




कई राष्ट्रों में ऊर्जा आपात की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

पश्चिम एशिया (मध्यपूर्व) के वर्तमान संघर्ष की उष्णता का भारत पर भी नकारात्मक और बहु आयामी प्रभाव पड़ा है। यह संकट न केवल भारत की घरेलू नीति को प्रभावित कर रहा है बल्कि भारत की विदेश नीति को एक जटिल स्थिति में डाल दिया है। हजारों किलोमीटर दूर लड़ा जा रहा युद्ध अब देश की कूटनीतिक क्षमता की परीक्षा ले रहा है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल आयातक राष्ट्र है जोकि अपनी जरूरत का 88% क्रूड तेल आयात करता है। इसमें से एक बड़ा हिस्सा, 50% से अधिक पश्चिम एशिया के देशों-जैसे इराक, सऊदी अरब और यूएई-से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। भारत अपनी रसोई गैस (LPG) की खपत का लगभग 60% आयात करता है, जिसमें से 90% होर्मुज के रास्ते आता है। यदि यह संघर्ष लंबे समय तक जारी रहा तो यह सीधे भारत की ऊर्जा सुरक्षा को प्रभावित होगी। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से भारत का चालू खाते का घाटा (CAD) बढ़ेगा। कीमतें बढ़ने से आयात बिल बढ़ेगा, जिससे विदेशी मुद्रा का बहिर्वाह बढ़ेगा, रुपये पर दबाव पड़ेगा और मुद्रास्फीति में वृद्धि होगी जिससे आर्थिक विकास दर नकारात्मक रूप से प्रभावित होगा। इससे उर्वरकों के उनके कच्चे माल (अमोनिया, सल्फर) की आपूर्ति बाधित होगी। आपूर्ति में व्यवधान से सरकार पर उर्वरक सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा तथा घरेलू खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने का खतरा भी है।भारत के निर्यात-उन्मुख कृषि क्षेत्रों को लॉजिस्टिक्स संबंधी गंभीर बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

कच्चे तेल की कीमतों में 15% की वृद्धि के कारण आयातित मुद्रास्फीति और चालू खाता घाटा बढ़ रहा है रुपये का अवमूल्यन की भी समस्या उत्पन्न हो रही है। यह स्थिति भारत की 7% से अधिक अपेक्षित आर्थिक वृद्धि को प्रभावित कर सकती है। पश्चिम एशिया (खाड़ी देशों) में लगभग 1 करोड़ भारतीय प्रवासी रहते हैं, जो वार्षिक 51 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की प्रेषण राशि भारत भेजते हैं। यह भारत के कुल प्रेषण का 55% से अधिक हिस्सा है। पश्चिम एशिया से आने वाली धनराशी, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को सुदृढ़ करती है और भुगतान संतुलन को बेहतर बनाती है। पश्चिम एशिया का संघर्ष न केवल प्रवासियों के जीवन को खतरे में डाल रहा है, बल्कि भारत के लिए एक बड़ा आर्थिक झटका भी साबित हो सकता है। भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भारत के लिये एक सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। युद्ध जैसी स्थिति में उनकी सुरक्षा और निकासी एक बड़ी चुनौती है।यदि यह संघर्ष दीर्घकालिक होता है तो घरेलू मोर्चे पर कई प्रकार की गंभीर आर्थिक समस्याएं उत्पन्न होगी।

भारतीय कूटनीति के समक्ष दुविधा पूर्ण स्थिति तब उत्पन्न हुई जब अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा हिंद महासागर में ईरानी युद्धपोत IRIS Dena को डुबो दिया गया जिससे 87 नाविकों की मृत्यु हो गयी। चूँकि यह जहाज भारत के मिलान 2026 नौसैनिक अभ्यास से लौट रहा था, इस घटना ने मध्य पूर्व के संघर्ष को सीधे भारत के समुद्री पड़ोस तक पहुंचा दिया है।यह घटना भारत के लिए नाजुक है क्योंकि यह हमला भारत के सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन (सागर) नीति के लिए एक चुनौती है, क्योंकि यह भारत के पड़ोस (श्रीलंका के पास) में हुआ, जहाँ भारत स्वयं को मुख्य सुरक्षा प्रदाता मानता है। इस घटना से भारत के रणनीतिक स्वायत्तता पर भी सवाल उठ रहे हैं।भारत को एक गंभीर राजनयिक दुविधा का सामना करना पड़ रहा है। भारत को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता अक्षुण्ण रखने के साथ-साथ ईरान और अमेरिका/इज़राइल के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती भी है। क्योंकि जहां भारत अमेरिका-इजरायल के साथ रक्षा और सुरक्षा संबंध रखता है, इनके साथ भारत की रणनीतिक भागीदारी है वहीं ईरान के साथ ऐतिहासिक संबंध, ऊर्जा सुरक्षा और चाबहार बंदरगाह (मध्य एशिया तक पहुंच) जैसे सामरिक हित जुड़े हैं।भारत ने रणनीतिक कुशलता से संकट का सामना किया, हालांकि कूटनीतिक समीकरण इतने सरल नहीं हैं। अमेरिका-ईरान (2026) संघर्ष के बीच भारत एक संतुलित और सुदृढ़ रणनीतिक रुख अपना रहा है। भारत ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। भारत अपने ऊर्जा हितों, चाबहार पोर्ट और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए ईरान के साथ संवाद जारी रखते हुए अमेरिका के साथ भी मजबूत संबंध बनाए हुए है। भारत ने इजरायल के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि की और आतंकवाद के प्रति उसके शून्य सहिष्णुता के सिद्धांत का समर्थन करता है। साथ ही, भारत ने तनाव कम करने, गाजा में निर्बाध मानवीय गलियारों की स्थापना और हर देश की संप्रभुता के सम्मान की अपील की है। भारत ने अमेरिका द्वारा प्रस्तावित गाजा युद्धविराम का भी समर्थन किया और इसे क्षेत्र के सभी लोगों के लिए शांति का एक संभावित मार्ग बताया। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान ने भारत को बड़ी राहत देते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) से भारतीय जहाजों को सुरक्षित रास्ता दिया है। ईरान ने भारत को मित्र देश बताते हुए कहा है कि सुरक्षा कारणों से यह मार्ग सिर्फ उसके सहयोगियों के लिए खुला है।

जो भारत की कूटनीतिक सफलता को दर्शाता है। भारत ने ईरान को चिकित्सा आपूर्ति (40 टन दवाओं की खेप) भेजी है, जो मानवीय आधार पर सहयोग दिखाती है। भारत, अमेरिका के प्रतिबंधों और ईरान के साथ अपने संबंधों के बीच एक नाजुक संतुलन बनाकर चल रहा है।भारत की प्रतिक्रिया हमेशा की तरह संयमित लेकिन दृढ़ रही है, जो रणनीतिक स्वायत्तता और संतुलित जुड़ाव के उसके दीर्घकालिक कूटनीतिक सिद्धांत का एक सैद्धांतिक प्रदर्शन है।अंतरराष्ट्रीय संबंध सहमतियों के संकेंद्रण को मजबूत करने और असमतियों के प्रबंधन करने का एक कलात्मक दायित्व है। भारतीय कूटनीति संयम के साथ रणनीतिक स्वायत्तता को कायम रखते हुए संतुलित व्यवहार करते हुए भारतीय हितों की सुरक्षा कर रही है। भारत को अपनी ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाना होगा। ऊर्जा रणनीतिक भंडार की क्षमता बढ़ानी होगी साथ हरित ऊर्जा उत्पादन पर ध्यान देना होगा।

**असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग**
**लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय, कायमगंज, फर्रुखाबाद**

विचार

# आखिर युद्ध से मिला क्या?

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

दुनिया एक बार फिर उसी मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है, जहाँ शक्ति प्रदर्शन, धमकियों और सैन्य गतिविधियों के बीच मानवता की आवाज़ कहीं दब-सी जाती है। हालिया घटनाओं ने यह प्रश्न फिर से प्रासंगिक बना दिया है कि आखिर युद्ध से किसी को वास्तव में क्या मिलता है। क्या यह केवल ताकत का प्रदर्शन भर है, या इसके पीछे कोई स्थायी समाधान भी निहित होता है? इतिहास और अनुभव दोनों इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि युद्ध किसी समस्या का अंत नहीं करता, बल्कि वह नई समस्याओं की एक अंतहीन श्रृंखला को जन्म देता है। आज जब वैश्विक परिदृश्य में अस्थिरता बढ़ती जा रही है, तब यह प्रश्न और भी अधिक गंभीर हो उठता है।

युद्ध की शुरुआत प्रायः राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मरक्षा या सम्मान की रक्षा के नाम पर होती है, लेकिन इसका परिणाम कहीं अधिक व्यापक और विनाशकारी होता है। युद्ध के बाद जिन्हें विजेता कहा जाता है, वे भी भीतर से कमजोर हो जाते हैं। उनकी अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ पड़ता है, संसाधनों की बर्बादी होती है, और सामाजिक ढांचा चरमराने लगता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास जैसे क्षेत्रों पर इसका सीधा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। दूसरी ओर, पराजित देश तो पहले से ही विनाश के मलबे तले दब जाते हैं, जहाँ पुनर्निर्माण की प्रक्रिया वर्षों तक चलती है और पीढ़ियाँ उसकी कीमत चुकाती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे अधिक क्षति आम नागरिकों को उठानी पड़ती है, जिनका न तो युद्ध में कोई प्रत्यक्ष योगदान होता है और न ही निर्णय प्रक्रिया में कोई प्रभाव।

युद्ध केवल भौतिक विनाश ही नहीं लाता, बल्कि यह मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी गहरे घाव छोड़ता है। विस्थापन, भय, असुरक्षा और मानसिक आघात ऐसी स्थितियाँ हैं, जो युद्ध के बाद लंबे समय तक समाज को प्रभावित करती हैं। बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उनके जीवन की सामान्य धारा बाधित हो जाती है, और वे एक अनिश्चित भविष्य की ओर धकेल दिए जाते हैं। सभ्यता, जो हजारों वर्षों में विकसित होती है, वह कुछ ही दिनों या महीनों में बिखर सकती है।

हाल के घटनाक्रम यह भी दर्शाते हैं कि बाहरी हमले और दबाव किसी देश को कमजोर करने के बजाय उसे और अधिक संगठित तथा आक्रामक बना सकते हैं। जब किसी राष्ट्र पर लगातार दबाव डाला जाता है, तो वहाँ राष्ट्रवाद की भावना प्रबल हो जाती है। लोग अपने आंतरिक मतभेद भुलाकर बाहरी खतरे के विरुद्ध एकजुट हो जाते हैं। इस प्रकार, जो रणनीति किसी देश को झुकाने के लिए अपनाई जाती है, वही उसे और अधिक सशक्त बना सकती है। यह युद्ध की सबसे बड़ी विडंबनाओं में से एक है कि वह अपने घोषित उद्देश्यों को भी कई बार पूरा नहीं कर पाता।

युद्ध का प्रभाव केवल युद्धरत देशों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर वैश्विक स्तर पर महसूस किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, व्यापार मार्ग और ऊर्जा आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र इससे सीधे प्रभावित होते हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील समुद्री मार्गों पर उत्पन्न संकट पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाएँ और निवेश में अनिश्चितता जैसे परिणाम वैश्विक स्तर पर दिखाई देते हैं। विकासशील देशों पर इसका प्रभाव और अधिक गंभीर होता है, क्योंकि उनकी अर्थव्यवस्था पहले से ही सीमित संसाधनों पर निर्भर होती है।

जब महाशक्तियाँ किसी संघर्ष में शामिल होती हैं, तो स्थिति और अधिक जटिल हो जाती है। उनका हस्तक्षेप केवल सैन्य स्तर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कूटनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक आयाम भी ग्रहण कर लेता है। इससे छोटे और मध्यम देशों के लिए अपनी स्थिति स्पष्ट करना कठिन हो जाता है। वे अक्सर ऐसे संतुलन की तलाश में रहते हैं, जिसमें उनके राष्ट्रीय हित सुरक्षित रहें और वे किसी बड़े टकराव का हिस्सा भी न बनें। लेकिन यह संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होता, क्योंकि हर निर्णय के दूरगामी परिणाम होते हैं।



पश्चिम एशिया इस प्रकार के जटिल संघर्षों का एक प्रमुख उदाहरण है, जहाँ राजनीतिक, धार्मिक और सामरिक कारणों से तनाव लगातार बना रहता है। यहाँ की परिस्थितियाँ यह संकेत देती हैं कि एक छोटी-सी चिंगारी भी व्यापक संघर्ष का रूप ले सकती है। विभिन्न देशों और संगठनों की सक्रियता ने इस क्षेत्र को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। यहाँ होने वाले किसी भी घटनाक्रम का प्रभाव केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर महसूस किया जाता है।

ऐसे परिदृश्य में कुछ देशों ने संतुलित और परिपक्व कूटनीति का परिचय देने का प्रयास किया है। उन्होंने न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता को भी ध्यान में रखा। यह इस बात का प्रमाण है कि संवाद और कूटनीति के माध्यम से भी जटिल परिस्थितियों का समाधान खोजा जा सकता है। भले ही यह प्रक्रिया धीमी और चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन यही स्थायी शांति की दिशा में सबसे विश्वसनीय मार्ग है।

वर्तमान समय में युद्ध का एक और महत्वपूर्ण आयाम सूचना और प्रचार का है। अब युद्ध केवल रणभूमि तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मीडिया और डिजिटल मंचों पर भी लड़ा जा रहा है। सूचनाओं का नियंत्रण, अफवाहों का प्रसार और जनमत को प्रभावित करने के प्रयास इस संघर्ष का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। इससे सत्य और असत्य के बीच अंतर करना और भी कठिन हो गया है। सोशल मीडिया के दौर में एक छोटी-सी भ्रामक सूचना भी बड़े स्तर पर भ्रम और तनाव उत्पन्न कर सकती है।

इसके अतिरिक्त, युद्ध पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। बमबारी, रासायनिक हथियारों का उपयोग, और औद्योगिक ढाँचों का विनाश पर्यावरण को दीर्घकालिक नुकसान पहुँचाता है। जल, वायु और भूमि प्रदूषण के कारण प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाता है। जैव विविधता पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, और कई बार यह नुकसान अपरिवर्तनीय होता है। इस प्रकार, युद्ध केवल वर्तमान पीढ़ी को ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभावित करता है।

अंततः यह स्पष्ट है कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। यह केवल अस्थायी जीत और स्थायी घाव छोड़ता है। मानवता, विकास और शांति के पथ पर अग्रसर होने के लिए आवश्यक है कि राष्ट्र संवाद, सहयोग और पारस्परिक समझ को प्राथमिकता दें। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका को भी मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि वे संघर्षों को रोकने और समाधान खोजने में अधिक प्रभावी हो सकें।

आज की दुनिया को यह समझना होगा कि असली शक्ति विनाश में नहीं, बल्कि सृजन में निहित है। जो देश और समाज इस सत्य को स्वीकार कर लेंगे, वही भविष्य में स्थायी शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर पाएंगे। युद्ध के धुएँ में भले ही क्षणिक विजय का भ्रम दिखाई दे, लेकिन जब वह धुआँ छंटता है, तो पीछे केवल विनाश, पछतावा और अनिश्चितता ही शेष रह जाती है। यही युद्ध की सबसे बड़ी सच्चाई है—एक ऐसी सच्चाई, जिसे समझना और स्वीकार करना आज पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य




## शहरों का जीवन


**बिंदेश कुमार झा**

आसमान साफ है
और सड़के सुनसान हैं,
घरों के चारदीवारी में बंद
व्यक्ति की ऐसी हो गई पहचान है।

कोई लूट रहा है
तो कोई बचा रहा है,
कोई दहशत में है
कोई जीवन से दुआ मांग रहा है।

शहरों का जीवन छोड़कर
आज गांव सब जा रहे हैं,
अपनी उन पुराने दिनों को
फिर से पाने जा रहे हैं।





## राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# भारत को विश्वगुरु बनाना ही आर.एस.एस. का उद्देश्य

*सुखदेव वशिष्ठ*

'शाखा' जैसी अद्वितीय प्रणाली के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण का कार्य संघ करता है। इसी से लाखों स्वयंसेवक तैयार हुए हैं, जिनके जीवन के आदर्श व्यवहार से समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखता है। संघ की कार्यपद्धति अन्य संगठनों से भिन्न और विशिष्ट है। बाल स्वयंसेवक से लेकर सरसंघचालक तक, सभी एक ही आदेश पर कार्य करते हैं।

शाखा में होने वाले छोटे-छोटे कार्यक्रमों के माध्यम से अनुशासन और संस्कार विकसित होते हैं। संघ के साथ ही समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वयंसेवकों ने 40 से अधिक संगठनों, जैसे ए.बी.वी.पी., लघु उद्योग भारती, सेवा भारती, विद्या भारती की स्थापना की, जो अपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। ये सभी स्वतंत्र, स्वायत्त और स्वावलंबी संगठन हैं। भारत को पुनः 'विश्वगुरु' के स्थान पर प्रतिष्ठित कर भारत माता को परम वैभव पर ले जाना ही इनका मुख्य उद्देश्य है।

आर.एस.एस. के पहले चार प्रचारक : 1925 में संगठन के रूप में आकार लेने पर आर.एस.एस. के आद्य सरसंघचालक डा. हेडगेवार के सामने चुनौती थी कि संघ के विचारों का देशभर में प्रचार-प्रसार कैसे किया जाए। उन्हें समर्पित, पूर्णकालिक और संघ की भावना में दीक्षित कार्यकर्त्ताओं की तलाश थी। प्राचीन समय में जैसे ऋषि-महर्षि परम्परा थी, जो जीवन प्रणाली का अध्ययन कर अलग-अलग समय पर मनुष्य जीवन में आने वाली समस्या का हल प्राणी मात्र को देते थे, उसी प्रकार प्रचारक भी राष्ट्र निर्माण के कार्य में उत्पन्न विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने में मार्गदर्शन करते हैं। इस परम्परा में पहले 4 प्रचारक थे बाबा साहब आप्टे, दादा राव परमार्थ, रामभाऊ जमगडे और गोपाल राव येरकुंटवार। 2 वर्ष तक प्रशिक्षण के बाद 1929 में डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने प्रचारक व्यवस्था को औपचारिक रूप देने की शुरूआत की। 1930 में जब डा. हेडगेवार सविनय अवज्ञा आंदोलन के लिए जंगल सत्याग्रह में भाग लेने पहुंचे तो सरसंघचालक के पद से इस्तीफा दिया।



डा. परांजपे को नया सरसंघचालक बनाया गया। डा. हेडगेवार को पता था कि उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। 1931 में बाबा साहब आप्टे को डा. हेडगेवार ने जेल से बाहर आने के बाद पूर्णकालिक प्रचारक बनाने के लिए चुना। इस तरह इन चारों को संघ की पहली प्रचारक टोली के तौर पर जाना जाता है। इनमें बाबा साहब आप्टे को प्रथम प्रचारक माना जाता है। संघ के पहले पूर्णकालिक प्रचारकों की दीक्षा के लिए एक छोटा सा कार्यक्रम नागपुर में रखा गया, जहां प्रमुख स्वयंसेवक उपस्थित थे। उसी कार्यक्रम में डा. हेडगेवार का छोटा सा सम्बोधन हुआ, जिसमें संगठन का संकल्प और प्रचारकों का जीवन साधुओं की तरह होना चाहिए, इसी पर उनका जोर था। उसके बाद उनके केन्द्र बताए गए कि उनको प्रचार के लिए किस शहर या प्रांत में जाना है। उत्तर-पूर्व में 'संघ के बीज' बोने वाले पहले प्रचारक : दादाराव परमार्थ यानी गोविंद सीताराम परमार्थ नागपुर के रहने वाले थे। 10वीं की परीक्षा की उत्तरपुस्तिका में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। अध्यापकों ने उन्हें फेल कर दिया, अतः वह पढ़ाई छोड़कर डा. हेडगेवार के साथ जुड़े और स्वयंसेवक बन गए। 1930 के जंगल सत्याग्रह में डा. हेडगेवार के साथ गए और जेल भी गए। बीमार पड़े तो जेल में डा. हेडगेवार ने ही उनकी देखभाल की थी। उत्तर पूर्व में संघ का कार्य विस्तार करने वाले वह पहले प्रचारक थे। भविष्य के प्रचारकों को जोडने वाले गोपाल राव येरकुंटवार : गोपाल राव येरकुंटवार ने उस दौर में जितने समर्पित प्रचारकों को तैयार किया, शायद ही किसी ने किया होगा। उनमें से एक थे भास्कर राव कलाम्बी, जिन्हें वनवासी कल्याण आश्रम के काम को शुरू करने का श्रेय जाता है। पंजाब में शुरुआत में संघ पताका फहराने वाल मोरेश्वर राघव या मोरूभाई मुंजे को भी गोपाल राव लेकर आए थे। इन सभी प्रचारकों के नाम संघ के इतिहास में कई तरह की उपलब्धियां दर्ज हैं। केशव आप्टे ने तो 33 श्लोक का एक 'भारतभक्ति श्रोत' रच डाला था।

उनका दशकों तक भारत के इतिहास के पुनर्लेखन पर काम चलता रहा। आप्टे ने कभी अपने हाथ से लिखकर 'दासबोध' और टाइप करके वीर सावरकर की किताब '1857 स्वातंर्त्य समर' अनेक नवयुवकों को उपलब्ध करवाई थी। आर.एस.एस. के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत जी के शब्दों में, हम लोग, अपनी दृष्टि से विचार करके जो अच्छा लगता है, वह बोल सकते हैं। जो खराब लगता है, वह भी बोल सकते हैं। लेकिन बोलने के पीछे कोई विरोध की भावना नहीं है। संघ न किसी विरोध में चलता है और न किसी बैर भाव से। 'न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर।' और दोस्ती कहें तो सब अपने हैं। सबके प्रति प्रेम है। उस प्रेम के आधार पर और स्वयंसेवकों की निष्ठा, तपस्या के आधार पर हम यहां तक पहुंचे हैं। कितने बड़े त्याग हुए, कितने बड़े बलिदान हुए, उस पर हम खड़े हैं। यह हम जानते हैं। उनके प्रति मन में जो भाव है, उसका वर्णन मैं नहीं कर सकता। संघ को हमको आगे ले जाना है। क्यों ले जाना है, क्योंकि भारत को खड़ा करना है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# जनसूचना अधिकार के मामलों में जनपद बाराबंकी फिसड्डी

**राज्य सूचना आयुक्त ने अधिकारियों को लगाई फटकार**



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में जाकर हमने जनसूचना अधिकार अधिनियम में लंबित जन सूचना प्रकरणों की समीक्षा किया है, जिसमें से सबसे ज्यादा निराश करने वाली स्थिति बाराबंकी जनपद की निकली है। यह बात कलेक्ट्रेट के लोकसभागार में जन सूचना अधिकारियों की समीक्षा बैठक के उपरांत प्रेस वार्ता में प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने बताया। उन्होंने कहा कि जनपद बाराबंकी में जन सूचना के 129 मामले लंबित हैं। आज की समीक्षा बैठक में 129 जन सूचना अधिकारी बुलाए गए थे जिसमें से तीन जन सूचना अधिकारी न्याय विभाग, कृषि विभाग उद्योग विभाग के जन सूचना अधिकारी अनुपस्थित रहे हैं। राज्य सूचना आयुक्त ने बताया कि समीक्षा के दौरान यह भी ज्ञात हुआ है कि जन सूचना अधिकारियों को सूचना अधिकार अधिनियम की विस्तृत जानकारी नहीं है, उन्हें यह भी नहीं पता है की प्रथम द्वितीय अपील क्या है और अपीलीय अधिकारी कौन है, तथा उसकी प्रक्रिया क्या है? अधिकांश जन सूचना अधिकारियों को सूचना देने की समय सीमा तक की जानकारी नहीं है। अपील में और शिकायत में क्या फर्क है यह भी नहीं समझते हैं। यू कहें की जन सूचना अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का पालन कैसे होता है उसके बारे में भी विस्तृत जानकारी जन सूचना अधिकारियों को नहीं है। राज्य सूचना आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में 50 हजार से अधिक लंबित मामलों का निस्तारण किया जा चुका है, अभी भी 20 हजार से अधिक मामले राज सूचना आयोग में लंबित हैं। प्रदेश में 2006 से अब तक 181 अधिकारियों को सूचना अधिकार अधिनियम के तहत दण्डित किया गया, दण्ड स्वरूप ?25000 का जुर्माना हुआ है। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जिन 181 जन सूचना अधिकारियों से जुर्माना आदेश हुआ है, उस जुर्माने की धनराशि की वसूली अभी तक नहीं हुई है। बाराबंकी में लंबित मामलों में सबसे ज्यादा 33 मामले पंचायती राज विभाग और फिर 23 मामले ग्राम में विकास विभाग के हैं। और तीसरे नंबर पर राजस्व विभाग है जिसके 17 मामले राज्य सूचना आयुक्त में लंबित हैं। इसी तरह से 14 मामले नगर पालिका एवं नगर पंचायत तथा पांच पांच मामले बिजली विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग के लंबित हैं और वही तीन-तीन मामले पुलिस विभाग न्याय विभाग और कृषि विभाग के प्रकरण अभी लंबित हैं। समीक्षा के दौरान लंबित मामलों का निस्तारण करने के लिए संबंधित को निर्देश दिए गए हैं।

## भाकियू की मासिक बैठक संपन्न, 15 को करेंगे रक्तदान

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक ईकाई हैदरगढ़ की मासिक बैठक पुरानी तहसील स्थित शिव मंदिर पर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ हरी रामपाल के नेतृत्व में संपन्न हुई संचालन जिला सचिव संतोष सिंह ने किया सर्वप्रथम रक्त दान पर चर्चा हुई 15 तारीख को होने वाले रक्तदान में हैदरगढ़ ब्लॉक इकाई के कार्यकर्ताओं में पदाधिकारी से अपील की गई कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे बे मौसम बरसात से किसानों की कमर टूट गई आज स्थिति यह है कि जो किसान गेहूं काट रहा उसमें गेहूं एकदम पतला हो गया है किसी-किसी खेत में एक भी गेहूं नहीं निकल रहा है जिला प्रशासन से मांग की गई है त्वरित गति से जांच कर कर जो फसलों का 80प्रतिशत नुकसान हो हुआ है उन किसानों का अभिलंब मुआवजा दिलाया जाए यदि समय रहते हैं मुआवजा नहीं दिलाया गया तो भारतीय किसान यूनियन ब्लाक इकाई हैदरगढ़ एक जोरदार आंदोलन करेगी और सरकार का ध्यान आकर्षित कराने जब तक किसानों का हक नहीं मिल जाता तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी जिन किसानों का बिजली के बिल गलत आ रहा है रीडिंग के अनुसार बिल बनाया जाए किसानों के यहां जबरन स्मार्ट मीटर ना लगाया जाए उसकी सहमति जरूर ली जाए यदि जबरन स्मार्ट मीटर लगाया गया तो किसान इसका विरोध करेंगे।

## पोषण पखवाड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई जानकारी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बदोसराय पंचायत भवन में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान निसार मेहंदी ने किया । यह कार्यक्रम 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना है। सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को इसकी जानकारी दी।गुरुवार को पंचायत भवन सभागार बदोसराय में आयोजित कार्यक्रम में सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित करते हुए बताया कि इस वर्ष पोषण पखवाड़े का थीम जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना रखा गया है।

# मोहसिना क़िदवई के निधन पर शोक सभा कर दी गई श्रद्धांजलि



**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट बाराबंकी।**

गुरूवार को ब्लाक बनीकोडर के राजपुर मे पूर्व कांग्रेस जिला सचिव मनीष रावत ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तर प्रदेश की राजनीति का अहम चेहरा रहीं मोहसिना किदवाई के निधन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मोहसिना किदवई का संबंध प्रसिद्ध किदवई खानदान से रहा, उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं और जनता के बीच अपनी मजबूत पहचान बनाई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रहने के साथ-साथ वह राज्यसभा सांसद भी रहीं और पार्टी संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता के रूप में मोहसिना किदवई ने दशकों तक सक्रिय राजनीति में रहते हुए सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता दी।

उनके निधन को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। इस मौके पर जिला सचिव मिथिलेश गौतम, इमरान इदरीसी, अकीलअहमद, इरफान अहमद, दिलशाद, अनीस अहमद , सूरज यादव, अनुज चौरसिया, दुर्गेश रावत, अखिलेश गौतम, विजय धीमान आदि लोग मौजूद थे।

# डीएम ने जनसुनवाई में आयी आवेदिका को दिलाया पारिवारिक पेंशन का लाभ

**वर्षों से लंबित प्रकरण का हुआ समाधान**

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्राप्त एक प्रकरण में त्वरित संज्ञान लेते हुए आवेदिका को पेंशन का लाभ दिलाया गया। जनसुनवाई में ग्राम छोटी केसरिया निवासी उषा सिंह पुत्री स्वर्गीय शिव बक्श सिंह ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर पेंशन लाभ प्रदान किये जाने का अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि उनके पिता स्वर्गीय शिव बक्श सिंह पंचायती राज विभाग, रायबरेली में सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे।



उन्हें वर्ष 1996 तक पेंशन प्राप्त हुई. उनके तथा उनकी पत्नी के निधन के उपरांत आश्रित पुत्री उषा सिंह को वर्ष 2005 तक पारिवारिक पेंशन प्राप्त हुई। वर्ष 2012 में शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अविवाहित आश्रित पुत्री को आजीवन पेंशन दिये जाने का प्रावधान किया गया, किन्तु इसकी जानकारी आवेदिका को नहीं थी,जानकारी प्राप्त होने पर उन्होंने जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव द्वारा तत्परता के साथ जिला पंचायती राज अधिकारी से वांछित सहयोग प्राप्त कर तथा पेंशन निदेशालय से संपर्क एवं समन्वय स्थापित कर प्रकरण का निराकरण किया गया. फलस्वरूप आवेदिका उषा सिंह को वर्ष 2012 से मार्च 2026 तक लगभग 14 वर्ष की पेंशन एरियर राशि प्रदान करते हुए पुनः नियमित पारिवारिक पेंशन का लाभ दिलाया गया।

## मोटरसाइकिल ऑटो की टक्कर से पिता पुत्री सहित चार लोग घायल

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत भिटरिया मार्ग पर गुरुवार शाम मोटरसाइकिल के ऑटो से टकरा जाने से पिता पुत्री सहित चार लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल पिता पुत्री को हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ के बारा गांव निवासी मोहम्मद शरीफ पुत्र मोहम्मद यासीन 26 वर्ष अपने पुत्र मोहम्मद ऐश 10 वर्ष, पुत्री नाज बानो 13 वर्ष एवं मौसेरी बहन बबली पुत्री मोहम्मद कदीर 24 वर्ष को साथ लेकर असंदरा थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव में दावत में शामिल होने के बाद वापस घर लौट रहे थे कि तभी गौरा मोड़ पर आगे चल रहे ऑटो के अचानक मुड़ जाने पर पीछे से टकराकर घायल हो गए सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद शरीफ एवं नाजबानो को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

## बाइक की टक्कर से पिता पुत्र घायल

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।** थाना व कस्बा सुबेहा अंतर्गत थाने के सामने बाइक सवार द्वारा टक्कर मार देने से पिता पुत्र घायल हो गये। सीएचसी हैदरगढ़ में दोनो का उपचार चल रहा है। कस्बा के महतेली वार्ड निवासी मूक बधिर मेराज पुत्र शराफत अली 60 अपने पुत्र समायर कौनेन के साथ गुरुवार की शाम5 बजे सड़क पार कर रहे थे कि तभी बाइक सवार द्वारा टक्कर मार देने से घायल हो गये।

## खबरें एक नजर में

### सार्वजनिक स्थल पर गंदगी की फोटो खींच रहे पत्रकार को एआरटीओ ने धमकाया

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी महेंद्र बाबू गुप्ता ने एक पत्रकार को फर्जी मुकदमे में फंसाने व गुंडों से पिटवाने की धमकी देने का आरोप लगा है। बताया जाता है जब पत्रकार सर्वेश त्रिपाठी रिश्वतखोरी के आरोपों की पुष्टि करने गए थे तभी एआरटीओ ने उन्हें धमकाया था। सर्वेश त्रिपाठी को सूचना मिली थी कि लाइसेंस पास करने के नाम पर कार्यालय में लंबे समय से पटल पर तैनात बाबू द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायत की पुष्टि के लिए पत्रकार की टीम एआरटीओ कार्यालय पहुंची थी। टीम के पहुंचने पर एआरटीओ अपनी कुर्सी पर नहीं मिले। इस दौरान पत्रकार टीम ने कार्यालय में सार्वजनिक स्थल पर कई अनियमितताओं और गंदगी को देखा। बताया जाता है पत्रकारों ने सरकारी गोपनीयता का ध्यान रखते हुए गोपनीय अनुभाग को छोड़कर सार्वजनिक स्थल पर गंदगी की तस्वीरें खींची। जब एआरटीओ वापस लौटे, तो उन्होंने पत्रकारों से अभद्रता शुरू कर दी जिसकी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी गई है। हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। उन्होंने पूछा कि किसकी अनुमति से वीडियो और फोटो बनाया गया है। पत्रकारों ने एआरटीओ को बताया कि उन्हें अनियमितताओं और रिश्वतखोरी की शिकायत मिली थी। पत्रकारों का कहना है कि इस पर एआरटीओ ने कथित तौर पर पत्रकार को फर्जी मुकदमे में फंसाने वा गुंडों से पिटवाने की धमकी दी और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पत्रकार विकास तिवारी, सर्वेश श्रीवास्तव, दीपक आदि ने स्पष्ट किया कि उन्होंने सरकारी गोपनीयता का ध्यान रखते हुए केवल सार्वजनिक स्थान का वीडियो बनाया था जिसके साक्ष्य मौजूद हैं। इस घटना के बाद दर्जनों पत्रकारों नें जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है।

### कर्ज न चुकाने पर कुर्क की गई जमीन

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

बैंक लोन न चुकाने वाले बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा रस्तामऊ मंगरौली द्वारा एक बड़े बकायेदार की भूमि को कुर्क कर दिया गया है। मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र में जहां लंबे समय से लोन न चुकाने वाले बकायेदार नरेंद्र प्रताप के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। बैंक द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किए जाने के बावजूद बकाया जमा न होने पर उप जिलाधिकारी के आदेश पर जमीन कुर्क कर ली गई। मौके पर बैंक अधिकारियों की टीम पहुंची और कुर्की सूचना का बोर्ड लगाकर स्पष्ट कर दिया गया कि संबंधित भूमि अब बैंक की कार्रवाई के दायरे में है। बोर्ड पर यह भी उल्लेख किया गया है कि लोन बकाया होने के कारण यह कदम उठाया गया है। प्रशासन और बैंक की इस संयुक्त कार्रवाई के बाद अन्य बकायेदारों में भी चिंता बढ़ गई है। कार्रवाई के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा तेज हो गई है और लोग अपने लोन खातों को लेकर सतर्क होते नजर आ रहे हैं।

## 75 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान अभियुक्त रामसुफल पुत्र राम खेलावन निवासी पूरे मुकुन्द मजरे रमई थाना मोहनगंज उम्र को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से कब्जे से 75 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** इन्हौना थाना क्षेत्र के चिलौली गांव में एक युवक का शव आम के पेड़ से लटकता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान शुभम कुमार कोरी उम्र 22 वर्ष पुत्र शिव कुमार कोरी के रूप में हुई है, जो सरनाम का पुरवा मजरे कोंची, थाना मोहनगंज का निवासी बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार, शुभम बचपन से ही अपने मामा राम जीवन पुत्र बरसाती के घर चिलौली में रह रहा था। ग्रामीणों ने चिलौली स्थित रानू तिवारी के बाग में आम के पेड़ से युवक का शव लटकता हुआ देखा। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और परिजनों को घटना की सूचना दी गई। इस संबंध में इन्हौना थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और प्रत्येक बिंदु से जांच की जा रही है।

## बाल श्रम के खिलाफ चला विशेष अभियान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीती तिवारी के दिशा-निर्देशन में बाल श्रम उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत चाइल्ड हेल्पलाइन एवं मानव तस्करी रोधक इकाई एएचटीयू की संयुक्त टीम ने टिकरिया चौराहा, होटलों, धान मिलों और विभिन्न दुकानों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने सभी प्रतिष्ठान संचालकों को कड़ी चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी स्थिति में नाबालिग बच्चों से कार्य न कराया जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल श्रम कराना एक दंडनीय अपराध है और यदि भविष्य में ऐसा कोई मामला सामने आता है तो संबंधित के खिलाफ बाल श्रम अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान किसी भी दुकान,



होटल या अन्य प्रतिष्ठान में कोई भी नाबालिग बालक या बालिका कार्यरत नहीं पाया गया।

इस अभियान में चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, रुचि सिंह, सुपरवाइजर रोशन, एएचटीयू टीम प्रभारी रामराज कुशवाहा, हेड दरोगा रामकृष्ण, कांस्टेबल शिव प्रताप सिंह एवं महिला आरक्षी अंकिता सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लापता किशोरी को पुलिस ने किया सकुशल बरामद



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तिलोई तहसील अंतर्गत शिवरतनगंज थाना क्षेत्र से लापता हुई 11 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने बाराबंकी से सकुशल बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार किशोरी 5 अप्रैल की सुबह साइकिल से स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। चिंतित परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत तलाश अभियान शुरू किया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की फोटो जिले के सभी थानों और आसपास के जनपदों में प्रसारित की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जंगलों और सुनसान इलाकों में ड्रोन कैमरों से सघन निगरानी कराई गई। तालाबों और दुर्गम क्षेत्रों की भी बारीकी से जांच की गई। 6 अप्रैल को 112 नंबर पर सूचना मिली कि एक किशोरी मिली है। सूचना पर बाराबंकी महिला थाना पुलिस ने किशोरी को अपनी अभिरक्षा में लिया और संपर्क किया। जानकारी मिलते ही शिवरतनगंज पुलिस टीम बाराबंकी पहुंची और किशोरी को सकुशल ले आई। पुलिस ने बताया कि 'सी प्लान एप्लीकेशन' के माध्यम से बाराबंकी से सूचना प्राप्त हुई थी। अत्याधुनिक तकनीक और ड्रोन निगरानी की मदद से तलाश अभियान तेज किया गया, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया। किशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी बेटी को सुरक्षित वापस लाने में पुलिस ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## कम्पोजिट विद्यालय में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कंपोजिट विद्यालय मुश्काबाद में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक राज बहादुर वर्मा, अध्यक्ष अनंत कुमार पाण्डेय और विशिष्ट अतिथि रामपाल यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। निपुण लक्ष्य प्राप्त करने वाले बच्चों को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। नए शैक्षणिक सत्र के लिए विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया।वीरेंद्र स्वरूप पाण्डेय ट्रस्ट की ओर से आयोजित खेल, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र और उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया।विद्यालय के विकास में सहयोग के लिए ग्राम प्रधान शिव देवी और उनके पति चंद्रभान रावत और कोटेदार मोहम्मद अनवर को विद्यालय एवं एसएमसी द्वारा सम्मानित किया गया।यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव मिश्रा और एसएमसी अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम की देखरेख में संपन्न हुआ।इस अवसर पर कृष्ण चंद्र बाजपेई, नवीन मिश्रा, रामानंद, अमित मिश्रा, प्रह्लाद कनौजिया, दिलीप तिवारी, अभिषेक सिंह, आशुतोष कुमार, शिवाजी मिश्रा, आशुतोष वर्मा, चंद्रकेतु, राघवेंद्र वाजपेई, शिक्षक नेता आशुतोष वर्मा, प्रशांत चौधरी, पियूष, अमित, नमिता तिवारी, मनोज वर्मा, सोनाली, चंद्रकेश कुमार, अभिषेक तिवारी, रुद्र प्रताप पाण्डेय, रामपाल सहित अनेक शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

## पूर्व डीएम के आदेश के बावजूद बेहटा बीडीओ ने रोजगार सेवक ओमप्रकाश तिवारी को नहीं किया बर्खास्त

**सीतापुर।** विकासखंड बेहटा में लगातार भ्रष्टाचार हो रहा है जिस पर ग्रामीणों की शिकायत पर हुई थी जांच जांच में सचिन प्रधान और रोजगार सेवक पाए गए थे दोषी जिस पर जिलाधिकारी कार्यालय के द्वारा आदेश संख्या 241 दिनांक 36 2025 को ग्राम प्रधान और सचिव धनंजय के विरुद्ध मंजर मनरेगा योजना की अंतर्गत फर्जी बड़ा करने के लिए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने था रोजगार सेवक की विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के लिए एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू खानापूर्ति में इतना आगे निकल गए की ग्राम पंचायत अधिकारी धनंजय कुमार पर निलंबन की कार्यवाही नहीं की और प्रधान के कार्य नहीं चीज किए गए जिससे स्पष्ट हो रहा है कि जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू भ्रष्टाचार ग्राम प्रधान पिपरिया और सचिव धनंजय कुमार को संरक्षण देने का कार्य करते हुए नजर आ रहे हैं वहीं खंड विकास अधिकारी बेहटा अरुण कुमार को रोजगार सेवक ओमप्रकाश तिवारी के विरुद्ध बर्खास्त की की कार्यवाही के दिए गए थे आदेश परंतु खंड विकास अधिकारी द्वारा अपनी उच्च अधिकारियों को गुमराह करते हुए रोजगार सेवक को बचाने का कार्य करते हुए नजर आए हैं आखिर पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के आदेश की उड़ रही धज्जियां पर मौजूद जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर संज्ञान लेकर सचिव और प्रधान के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने की देते हैं आदेश या नोटिस देकर बचाने का कार्य करते हुए नजर आएंगे और पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के द्वारा यह भी आदेश किया गया था की रोजगार सेवक ओमप्रकाश तिवारी को तत्काल बर्खास्त किया जाए परंतु खंड विकास अधिकारी द्वारा अभी तक रोजगार सेवक को नहीं किया गया बर्खास्त क्या जिलाधिकारी इस मामले पर लेंगे संज्ञान होगी कड़ी कार्यवाही करेंगे।

# आलू के भण्डारण शुल्क व अन्य समस्याओं के संबंध में बैठक आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद सीतापुर के समस्त निजी शीतगृह स्वामियों एवं आलू उत्पादक कृषकों के मध्य वर्ष 2026 में शीतगृह में भण्डारित आलू के भण्डारण शुल्क एवं अन्य समस्याओं के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने शीतगृह स्वामियों की समस्याओं के साथ-साथ कृषकों द्वारा भण्डारित किये जाने वाले आलू की तौल एवं अन्य समस्याओं पर चर्चा की एवं आवश्यक निर्देश सभी सम्बन्धित



अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासनादेश के प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। शीतगृह स्वामियों एवं कृषकों की समस्याओं का भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) खालिद अंजुम, जिला उद्यान अधिकारी राज श्री सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ससुरालियों पर दर्ज हुआ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**मसौली बाराबंकी।** ससुरालियों के उत्पीड़न से तंग विवाहिता की तहरीर पर मसौली पुलिस ने पति सहित 6 लोगो के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। बताते चले कि गत वर्ष 13 अप्रैल को मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी मो0 जलील ने अपनी पुत्री की शादी थाना व कस्बा जैदपुर निवासी वकील के पुत्र चांद बाबू के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार की थी विवाहिता के पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था लेकिन कम दहेज को लेकर ससुरालियों ने उत्पीड़न करना शुरु कर दिया पति चांद बाबू दहेज मे मोटरसाइकिल एव लाख की नगदी को लेकर आये दिन मारपीट करता था।

# भाकियू 'अराजनैतिक' ने बिजली घर पर किया धरना प्रदर्शन

**स्मार्ट मीटर के विरोध में बिफरे किसान**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



भाकियू (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष नीरज भाटिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने बिजली घर स्थित विद्युत विभाग के खंड कार्यालय के बाहर जोरदार धरना प्रदर्शन किया और स्मार्ट मीटर हटाकर पहले की तरह पोस्टपेड मीटर लगाने अथवा उग्र आंदोलन, चक्का जाम और बिजली घर के घेराव की चेतावनी दी।

इन दिनों लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटरों के खिलाफ अब किसानों और आम जनता का आक्रोश फूट पड़ा है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने इन मीटरों को जनता का उत्पीड़न करार देते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती को सौंपा। संगठन ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन मीटरों को हटाकर पुरानी पोस्टपेड व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो पूरा जनपद उग्र आंदोलन की आग में झुलसेगा। जिलाध्यक्ष नीरज भाटिया ने कहा कि वर्तमान में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर जनता के लिए जी का जंजाल बन गए हैं।

किसानों का आरोप है कि ये मीटर न केवल तकनीकी रूप से दोषपूर्ण हैं, बल्कि आर्थिक रूप से भी उपभोक्ताओं का शोषण कर रहे हैं। बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली काट दी जाती है, जिससे खेतों में सिंचाई ठप हो रही है और छात्रों की पढ़ाई बाधित होती है। रिचार्ज करने के बाद भी सर्वर डाउन होने के कारण घंटों बिजली नहीं आती, जिससे लोग अंधकार में रहने को मजबूर हैं। उपभोक्ताओं को बिलिंग की प्रक्रिया समझ नहीं आ रही है, जिससे बिजली बिलों में गड़बड़ी और आर्थिक शोषण की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने कहा हम संवाद में विश्वास रखते हैं, लेकिन किसानों और आम जन का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे।

प्रशासन जल्द राहत दे, वरना चक्का जाम और बिजली घरों के अनिश्चितकालीन घेराव के लिए तैयार रहे। यूनियन ने स्पष्ट किया है कि यदि प्रशासन ने समय रहते इन मीटरों को वापस नहीं लिया, तो संगठन चक्का जाम और बिजली घरों का घेराव करने के लिए बाध्य होगा। इस संभावित उग्र प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी शासन और बिजली विभाग के प्रशासन की होगी।

धरना प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष नीरज भाटिया के साथ भारी संख्या में किसान और संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टीएसआई ने चलाया नगर में जागरूकता अभियान

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



टीएसआई पुलिस की टीम ने नगर के दो स्थानों पर यातायात से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान कमालगंज और छिबरामऊ जाने वाले टेंपो चालकों को यातायात पुलिस ने दिशा निर्देश देकर जागरूक किया। गुरुवार को टीएसआई रजनीश सिंह यदुवंशी कांस्टेबल जय हिंद वर्मा कॉन्स्टेबल विजेंद्र सिंह यातायात पुलिस ने नगर के पी डब्लू डी तिराहा पर नगर के कमालगंज और छिबरामऊ जाने वाले टेंपो चालकों से वार्ता की और उनको एकत्रित करके गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने यातायात के नियम टेंपो चालकों को नियम बताएं इस दौरान टीएसआई रजनीश सिंह यदुवंशी ने कहा कि प्रत्येक टेंपो चालक मानक के अनुरूप टेंपो में सवारियां बैठना सुनिश्चित करें वनप्लस 4 सवारी टेंपो में होना चाहिए जबकि अधिकांश टेंपो चालक आगे की सीट पर चार सवारी बैठाकर नियम का उल्लंघन कर रहे हैं जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है उन्होंने बताया कि ड्राइवर को ब्रेक लगाने में दिक्कत होगी और दुर्घटनाओं की संभावना अधिक हो जाएगी इसके साथ ही पीछे डाला पर सवारी किसी भी कीमत पर न बैठायी जाए और ओवरलोड करना बिल्कुल गलत है मानक के अनुरूप वनप्लस 6 तथा वनप्लस 3 का फार्मूला हर एक टेंपो चालक को अपनाना होगा यह नियम ना पालन करने वाले टेंपो चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस कार्रवाई करने पर मजबूर होगी उन्होंने सभी टेंपो चालकों को जागरूक किया और निर्देश भी दिए उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार चलाया जाएगा यदि कोई टेंपो चालक मानक के अनुरूप सवारी भरकर उसके साथ खिलवाड़ करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी उन्होंने आवाहन करते हो कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए मानक के अनुसार टेंपो में सवारी बैठाई जाए जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके इस आदेश का कढाई से अनुपालन किया जाए।

# नागरिकों की सुविधा के लिए ब्रिजदयाल अस्पताल ने बढ़ाया ओपीडी का समय

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



सौरिख रोड पर सेंट पॉल स्कूल के निकट स्थित ब्रिजदयाल ऑर्थो केयर एंड मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में व्यापारियों के सुझाव पर ओपीडी का समय बढ़ा दिया गया है।

अस्पताल के प्रमुख ऑर्थो सर्जन डॉ. एस चंद्रा ने व्यापारियों की मांग को स्वीकार करते हुए सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक और शाम 5 बजे से 7 बजे तक सायं कालीन ओपीडी शुरू करने का फैसला लिया है। पहले ओपीडी का समय 11 बजे से 3 बजे तक था। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू और किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने बताया कि दिनभर व्यापार में व्यस्त रहने के कारण वे दोपहर की ओपीडी में नहीं आ पाते थे। इसलिए, शाम की सुविधा की मांग की गई थी। डॉ चंद्रा ने तुरंत इस अनुरोध को मान लिया। व्यापारियों ने अस्पताल का निरीक्षण किया भर्ती मरीजों से हालचाल पूछा और स्वास्थ्य सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा स्वस्थ जीवन के लिए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं अनिवार्य हैं। डॉ एस चंद्रा ने महानगरों जैसी उन्नत सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य क्रांति ला दी है। व्यापारियों ने उनके इस योगदान के लिए बधाई दी। इस अवसर पर रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीर गोयल, आनंद गुप्ता ;महिंद्रा ट्रैक्टर्स, अनुपम वर्मा, प्रभाकर गुप्ता, चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, प्रियांशु गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, सुशांत गुप्ता सोनू, विनीत किराना वेद प्रकाश राठौर, अनिल गुप्ता रेडीमेड समेत कई प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे।

# डेकाथलॉन स्पर्धा में सूरज सिंह ने जीता रजत पदक, छिबरामऊ का नाम किया रोशन



जानकारी देते कोच अमित राजपूत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** 24वीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 8 से 9 अप्रैल तक मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज में किया गया। इस प्रतियोगिता में छिबरामऊ स्पोर्ट्स एवं फिजिकल एकेडमी के होनहार खिलाड़ी सूरज सिंह पुत्र अशोक कुमार ने डेकाथलॉन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया और अपने जिले व एकेडमी का नाम रोशन किया। एनआईएस कोच अमित राजपूत और कोच हर्षित यादव ने बताया कि डेकाथलॉन एथलेटिक्स की सबसे कठिन स्पर्धाओं में से एक है, जिसमें कुल 10 अलग-अलग इवेंट शामिल होते हैं और इन्हें दो दिनों में पूरा करना होता है। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता की भी कड़ी परीक्षा होती है। उन्होंने बताया कि सूरज सिंह ने लगातार सुबह-शाम कड़ी मेहनत और अनुशासित अभ्यास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता में नियमित प्रशिक्षण और कोचिंग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। छिबरामऊ स्पोर्ट्स एवं फिजिकल एकेडमी लगातार खिलाड़ियों को राज्य, राष्ट्रीय और उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर रही है, जिससे खिलाड़ी अपने सपनों को साकार कर भविष्य में नई ऊंचाइयों को छू सकें।

# स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना को लेकर बैठक आयोजित

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक डॉ.अमित कुमार ने की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद के निजी डीएलएड संस्थानों के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान नोडल अधिकारी अनुज कुमार दुबे ने प्रशिक्षुओं के डाटा को पोर्टल पर अपलोड करने में आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और उनके समाधान बताए। उन्होंने सभी संस्थानों से अपील करते हुए कहा कि वे शीघ्रता से डाटा अपलोड कर उसे सत्यापित करें, ताकि योजना का लाभ समय पर मिल सके। परीक्षा प्रभारी राजेश वर्मा ने निर्देश दिया कि सभी प्रशिक्षु 15 अप्रैल तक अपने परीक्षा आवेदन फॉर्म अनिवार्य रूप से भर दें और उनकी शुल्क रसीद व सूची कार्यालय में जमा कराएं। प्राचार्य डॉ.अमित कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि डीएलएड बैच 2023 एवं उससे आगे के सभी पात्र प्रशिक्षुओं का विवरण अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड किया जाए, जिससे कोई भी लाभार्थी योजना से वंचित न रहे। बैठक में अनुपस्थित संस्थानों को भविष्य में अनिवार्य रूप से सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## पीजी से महंगी केजी की पढ़ाई अभिभावकों मे दिखा रोष

**गुरसहायगंज,कन्नौज।** निजी स्कूलों की मनमानी मे एडमिशन के नाम पर डोनेशन और ड्रेस-किताबों के नाम पर लूट से अभिभावक हलकान पर नया शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट पूरी तरह चरमरा गया है। आलम यह है कि शहर के नामी निजी स्कूलों में नर्सरी और केजी में बच्चे का दाखिला कराना अब किसी उच्च शिक्षा की डिग्री लेने से भी महंगा साबित हो रहा है। अभिभावकों की जेब पर डाका केवल फीस के जरिए ही नहीं, बल्कि स्कूल द्वारा तय की गई खास दुकानों से महंगी किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने की मजबूरी के रूप में भी डाला जा रहा है। 500 की किताब, 5000 का किट अभिभावकों का आरोप है कि जो सामान्य कॉपी-किताबें बाजार में 1000 रुपये में उपलब्ध हैं, स्कूल की अनुबंधित दुकानों पर उनका सेट 5000 रुपये तक में बेचा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि मात्र 30-40 पन्नों की ड्राइंग बुक की कीमत भी 400 से 500 रुपये वसूली जा रही है।

## विधायक अर्चना पांडेय का सख्त निर्देश, विद्युत समस्याओं का प्राथमिकता से हो समाधान



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** तहसील छिबरामऊ क्षेत्र की विद्युत समस्याओं को प्राथमिकता देकर जल्द हल करने के लिए विधायक अर्चना पांडेय ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के साथ विद्युत विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक की। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में आयोजित इस बैठक में विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने, उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने और लंबित कार्यों के शीघ्र निस्तारण पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक अर्चना पांडेय ने बैठक में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में कहीं भी बिजली संबंधी कोई समस्या आए तो तुरंत उनके संज्ञान में लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी समस्याओं के समाधान के लिए विधायक निधि से आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, निधि उपलब्ध होने के बाद विद्युत विभाग को 60 दिनों के अंदर कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा। कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए अर्चना पांडेय ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या खराब कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खराब काम करने वाले आउटसोर्स कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उन्हें सेवा से बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने विद्युत विभाग को अपनी कार्यशैली में सुधार लाने की भी चेतावनी दी। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में छिबरामऊ में 158 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि के प्रस्ताव स्वीकृत हो चुके हैं, जबकि जनपद स्तर पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 381 प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। विधायक ने छिबरामऊ क्षेत्र से संबंधित सभी क्षमता वृद्धि प्रस्तावों की विस्तृत सूची शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा सके।

# छात्र-छात्राओं ने नगर में निकाली जागरूकता रैली

**लोगों को शिक्षा के प्रति किया प्रेरित**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हर बच्चे को स्कूल तक पहुंचाने के उद्देश्य से कंपोजिट विद्यालय (केंद्रीय) के छात्र-छात्राओं ने नगर क्षेत्र में जोरदार जागरूकता रैली निकाली। इसने नगरवासियों में शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।

रैली का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने स्कूल चलो अभियान पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे, यह सामूहिक जिम्मेदारी है। रैली के दौरान बच्चों ने आधी रोटी खाएंगे, रोज पढ़ने जाएंगे जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण शिक्षामय हो गया।

छात्र-छात्राओं ने तख्तियां और बैनर लेकर लोगों को शिक्षा की अहमियत समझाई और अभिभावकों को बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एआरपी सुशील दुबे, योगेश यादव, राजेश गौतम, अर्चना चतुर्वेदी, अच्युत त्रिपाठी, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनूप मिश्रा, प्रधानाध्यापक राजेश पाठक, श्वेता यादव, सीता राजपूत, शशिकांत शुक्ला, अरुण प्रताप, आराधना, सोनी, रंजीत, निशा यादव, वंदना यादव, नीतू पाल आदि मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में छात्र- छात्रा हुए सम्मानित, हुई सराहना



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में गुरुवार को 17वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रभारी विज्ञान संकाय डॉ हरिराम यादव ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पीजी प्रभारी डॉ शिप्रा वर्मा ने छात्र- छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना की। चीफ प्राक्टर डॉ संजय कुमार सिंह ने आयोजन को महाविद्यालय की पहचान बताया।

इस मौके पर खेलकूद व अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों व कर्मचारियों की मौजूदगी रही। अंत में प्राचार्य डॉ हेमेंद्र सिंह ने सभी को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# स्कूल चलो अभियान 'नया सत्र नया सवेरा' की बैठक आज

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कार्यक्रम स्कूल चलो अभियान एवं नया सत्र नया सवेरा पहल के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय समस्त बोर्ड जनपद कन्नौज के प्रधानाचार्य की आवश्यक बैठक आज आयोजित की जाएगी। जिसमें सेवानिवृत हुए शिक्षकों का सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने दी। उन्होंने बताया कि हाल ही में संपन्न हुई बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित कर उनके योगदान को याद किया जाएगा। यह आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों और अधिकारियों के लिए एक प्रेरणादायक अवसर माना जा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बताया गया है कि यह कार्यक्रम 10 अप्रैल आज शुक्रवार को पूर्वाह्न 11बजे मेडिकल कॉलेज तिर्वा के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। जिसकी संपूर्ण तैयारी कर ली गई हैं उन्होंने जनपद के समस्त बोर्ड के प्रधानाचार्यों से समय से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। शिक्षा विभाग के इस आयोजन को लेकर जिले के शिक्षण संस्थानों में उत्साह देखा जा रहा है और इसे शिक्षा गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मेधावी छात्रों का सम्मान, विभिन्न आवासीय विद्यालयों में हुआ चयन

**एसआरजी और प्रधानाध्यापिका ने मेधावी छात्रों को माला पहनाकर किया सम्मानित**

**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर प्रथम में गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्याज्ञान, नवोदय विद्यालय एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सीबीएसई बोर्ड के सर्वोदय विद्यालयों में चयनित छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र शोभित पाल, श्लोक, सूर्यांश, हिमांशु, अवनीश, अभिषेक, शशांक, सुहानी, दीपांशी और लक्ष्मी का विभिन्न जनपदों के सर्वोदय विद्यालयों में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जाती हैं। इनमें विद्याज्ञान, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, अटल आवासीय विद्यालय और सर्वोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए अलग से मार्गदर्शन दिया जाता है। इस कार्य में शिक्षक लोकेंद्र सिंह, सौरभ द्विवेदी सहित अन्य शिक्षक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

समारोह के दौरान एसआरजी संजीव कटियार, संकुल शिक्षक राकेश कुमार समेत शिक्षक जसवीर, सुमन, अंजली सहित आदि रहे।

## स्कूल चलो अभियान रैली निकाली, छात्र के नवाचार ने बटोरी वाहवाही

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीएम श्री उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय गुगरापुर में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। छात्र- छात्राओं द्वारा गांव में निकाली गई रैली में शाइनिंग बैंड आकर्षण का केंद्र रहा, जिसकी धुनों ने ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली का नेतृत्व इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेन्द्र सक्सेना, नोडल शिक्षक रामकिशोर सिंह सहित समस्त शिक्षक स्टाफ ने किया। इस दौरान कक्षा-8 के दिव्यांग छात्र लवकुश ने प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के तहत चार्जिंग झालर बनाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। छात्र के इस नवाचार की शिक्षकों व ग्रामीणों ने सराहना की।

# उमरन में घात लगाकर हमला एक ही परिवार के चार घायल

**कुल्हाड़ी-गड़ासा और लोहे की रॉड से किया वार**

**मंदिर विवाद और कोटा चुनाव की रंजिश बताई जा रही वजह**

**तिर्वा,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तिर्वा क्षेत्र के उमरन गांव में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक ही परिवार के लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। घात लगाकर बैठे हमलावरों ने कुल्हाड़ी, गड़ासा और लोहे की रॉड से हमलाकर चार लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के दौरान घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों पर भी हमलावरों ने हमला कर दिया, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि घटना के पीछे मंदिर से जुड़ा विवाद और राशन कोटे के चुनाव को लेकर चली आ रही पुरानी रंजिश है। पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**जागरूकता**

## कोतवाली प्रभारी ने छात्राओं को दी मिशन शक्ति की जानकारी

# आकाश एजुकेशन विद्यालय में हुआ संगोष्ठी का आयोजन, आत्मरक्षा के बताए गुर

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आकाश एजुकेशन सेंटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक छात्राओं ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता संगोष्ठी में प्रतिभाग किया संगोष्ठी को कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी ने संबोधित किया।

गुरुवार को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति' अभियान के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से थाना गुरसहायगंज, के थाना प्रभारी अजय कुमार अवस्थी के निर्देशन में विशेष जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आयोजन गुरसहायगंज नगर स्थित इंग्लिश मीडियम संस्था आकाश एजूकेशन सेंटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान छात्राओं को वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें आपातकालीन स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता हेतु 112 नंबर पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। कोतवाली प्रभारी तथा उनकी टीम ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम में विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी प्रदान की गई, जिनमें चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, एम्बुलेंस सेवा 108, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा 102, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, अग्निशमन सेवा 101, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा वूमेन पावर लाइन 1090 शामिल की जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी ने छात्राओं से संवाद कर कार्यक्रम से प्राप्त जानकारी का मूल्यांकन भी किया और उन्हें जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी के दौरान संस्था के डायरेक्टर आकाश कटियार ने थाना प्रभारी एवं उनकी टीम का हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में विद्यालय के प्रबंधक आर के कटिहार डायरेक्टर आकाश कटिहार जॉइंट डायरेक्टर रिद्धि नेगी बी कटियार पूनम अवस्थी कविता देवी हिमानी श्रीवास्तव आरती यादव तान्या अवनी यादव प्रगति त्रिवेदी सृष्टि श्रीवास्तव मुस्कान सैनी तरुण चौरसिया अभिषेक गुप्ता जयंत कुशवाहा मानसी गुप्ता सुरभि राज चौरसिया रत्नेश सक्सेना मानसी गुप्ता गीता देवी के अलावा विद्यालय की छात्राएं मौजूद रही।

# 41 केंद्रों पर गेहूं खरीद शुरू बिचौलियों पर रोक, पंजीकरण हुआ अनिवार्य

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जनपद में गेहूं खरीद कार्य 30 मार्च से शुरू हो गया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष शासन ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 प्रति कुंतल निर्धारित किया है, जिसमें 20 प्रति कुंतल उतराई व छनाई के लिए अतिरिक्त दिया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सभी क्रय केंद्रों पर पारदर्शी और किसान हितैषी व्यवस्था लागू की गई है। बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह प्रतिबंधित रखी गई है। किसानों के लिए केंद्रों पर पेयजल, छाया और बैठने की सुविधा के साथ जरूरी सूचनाएं भी प्रदर्शित की गई हैं। जनपद में कुल 41 गेहूं क्रय केंद्र संचालित हैं, जिनमें खाद्य विभाग के 15, पीसीएफ के 23 और भारतीय खाद्य निगम के 3 केंद्र शामिल हैं। सभी केंद्र प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। खरीद से पहले किसानों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। ई-पॉप के माध्यम से बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही खरीद की जाएगी। भुगतान आधार से लिंक बैंक खातों में पीएफएमएस के जरिए 48 घंटे के भीतर किया जाएगा।

## संस्कार और कर्म ही तय करते हैं जीवन का अंतिम परिणाम

**गुरसहायगंज।** मोहल्ला विजय नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग उपस्थित रहे। पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

कथाव्यास आचार्य रामानुज पांडेय ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अच्छे संस्कारों और कर्मों को अपनाना चाहिए, क्योंकि जीवन में किए गए कार्यों के अनुसार ही उसका परिणाम मिलता है। उन्होंने बताया कि बचपन में दिए गए संस्कार व्यक्ति के पूरे जीवन को दिशा देते हैं और वही उसे सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने माता-पिता की सेवा और समाज में प्रेमपूर्वक रहने के महत्व पर भी जोर दिया। कथा के दौरान ध्रुव की भक्ति का उदाहरण देते हुए बताया गया कि सच्ची श्रद्धा और समर्पण से ही भगवान की कृपा प्राप्त होती है।





# लेखपाल संघ चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**



बैठक में मौजूद अधिकारी

तहसील में लेखपाल संघ के प्रस्तावित चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। आगामी 10 अप्रैल को फर्रुखाबाद सदर में आयोजित होने वाले इस चुनाव के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है, जिससे चुनाव प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जा सके।

अमृतपुर तहसील के लेखपाल संघ के मंत्री रह चुके पवन यादव को इस चुनाव में प्रथम चुनाव अधिकारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके अनुभव और संगठन में सक्रिय भूमिका को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, चुनाव की निगरानी और पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से अनुज चतुर्वेदी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा आकाश भदौरिया को द्वितीय चुनाव अधिकारी बनाया गया है, जो चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। लेखपाल संघ का यह चुनाव स्थानीय स्तर पर काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे संगठन के नए नेतृत्व का चयन होगा और भविष्य की कार्ययोजना तय होगी। चुनाव को लेकर लेखपालों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विभिन्न पदों के लिए संभावित प्रत्याशी सक्रिय हो गए हैं और अपने-अपने समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। मतदान स्थल, मतदाता सूची और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रशासनिक स्तर पर भी चुनाव को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए निगरानी रखी जा रही है। लेखपाल संघ के इस चुनाव को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और सभी की नजरें 10 अप्रैल को होने वाले मतदान पर टिकी हैं। चुनाव परिणाम संगठन की आगामी दिशा और कार्यशैली को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## जमीनी विवाद में दो भाईयों में हुई मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज के मुख्य बाजार स्थित एक दुकान पर गुरुवार सुबह करीब 9 बजे युवक का दुकानदार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जानकारी के अनुसार कस्बा के मुख्य बाजार निवासी सुधीर गुप्ता की बिजली घर के सामान की दुकान है। गुरुवार सुबह लगभग 9 बजे दुकान पर उनके बड़े भाई कल्लू गुप्ता मौजूद थे, तभी उनका सबसे छोटा भाई अतुल गुप्ता दुकान पर आया और कल्लू से जमीन के विवाद को लेकर कहासुनी करने लगा। कल्लू ने उसे दुकान से जाने की बात कही तो अतुल गुप्ता ने दुकान का सामान बाहर फेंकने लगा। कल्लू ने इसका विरोध किया तो अतुल गुप्ता ने दुकान पर रखे पंखे से हमला कर दिया और गाली-गलौज कर मारपीट करने लगा। सुधीर गुप्ता के आने पर आरोपी अतुल मौके से भाग गया। घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बलाया।

# विधायक सुशील शाक्य ने कटाव निरोधक परियोजना का किया भूमि पूजन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम के दौरान विधायक व अन्य

अलहादपुर भटौली में गुरुवार में वर्षों से बाढ़ और कटान की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की ओर से प्रस्तावित कटाव निरोधक परियोजना का अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने विधिवत भूमि पूजन किया। इस परियोजना की अनुमानित लागत 412.51 लाख रुपये बताई गई है। भूमि पूजन के दौरान क्षेत्रीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण लंबे समय से इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे थे, जिस पर अब ठोस पहल शुरू हो गई है। विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि यह परियोजना गांव को बाढ़ और नदी कटान के खतरे से बचाने में अहम भूमिका निभाएगी और लोगों की जिंदगी को सुरक्षित बनाएगी। परियोजना के तहत नदी किनारे मजबूत कटाव निरोधक संरचनाएं तैयार की जाएंगी, जिससे जमीन के लगातार हो रहे कटान को रोका जा सकेगा। इससे न केवल ग्रामीणों के मकान सुरक्षित रहेंगे, बल्कि किसानों की उपजाऊ भूमि और फसलें भी संरक्षित होंगी। स्थानीय किसानों का कहना है कि हर साल बारिश के मौसम में रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ता था। खेतों का कटान, फसलों की बर्बादी और घरों पर खतरा आम बात थी। अब इस परियोजना के शुरू होने से उन्हें स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है।

**परियोजना की अनुमानित लागत 412.51 लाख रुपये**

# युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान



अस्पताल में मौजूद परिजन व पुलिस



मृतक का फाइल फोटो

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर जदीद मोहल्ला रजवाड़ा निवासी 35 वर्षीय सुहेल पुत्र अजीम जयपुर व मुम्बई में रेडीमेड सिलाई का काम करता था। बीते दिनों ईद पर वह अपने घर लौटकर आया था। लगभग 5 दिनों से वह अपनी ससुराल में पत्नी असमा के घर इज्जत गढ़ी गया था। बुधवार को वह अपने घर अताईपुर गया था। गुरुवार को रेलवे स्टेशन कायमगंज के मैन गेट पर पहुंचा, उसी दौरान कासगंज से कानपुर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूद गया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी।

सूचना पर पहुंचे जीआरपी दरोगा वसीम अहमद, हेड कांस्टेबिल ज्ञानेन्द्र सिंह युवक को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए। जहाँ डाक्टर जितेन्द्र बहादुर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कहराम मच गया। मृतक का विवाह लगभग 4 वर्ष पूर्व असमा पुत्री हफीज निवासी इज्जतगढ़ी थाना कायमगंज के साथ हुआ था। परिजनों ने बताया कि सुहेल जयपुर व मुंबई में काम करने चला जाता था। जिसके चलते उसकी पत्नी ज्यादातर अपने मायके में रहती थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## अपर पुलिस अधीक्षक का तबादला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रदेश सरकार ने अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह का अपर पुलिस अधीक्षक यातायात निदेशालय लखनऊ के लिए तबादला कर दिया है। सहायक पुलिस आयुक्त/अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नर रेट आगरा के गिरीश कुमार सिंह की फतेहगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक पद पर तैनाती की गई है।

**गिरीश कुमार सिंह होंगे नये एएसपी**

# एसडीएम व सीओ ने नारी बंदी गृह का किया निरीक्षण

▸ **मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरुक**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



निरीक्षण के दौरान एसडीएम व सीओ यातायात

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन मे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत उपजिलाधिकारी फर्रुखाबाद एवं क्षेत्राधिकारी (यातायात) ने नारी बंदी गृह का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने महिला बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत उपजिलाधिकारी फर्रुखाबाद एवं क्षेत्राधिकारी (यातायात) ने महिला बंदी गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला सुरक्षा द्वारा महिला बंदियों व उनके साथ रह रहे बच्चों का हालचाल लिया और जेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में भी महिला बंदियों से आवश्यक जानकारी ली।

# स्मार्ट मीटर से लोग परेशान, बिजली व्यवस्था राम भरोसे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा नवाबगंज के लोग स्मार्ट मीटर से परेशान है। आये दिन बिजली अपने आप कट हो जाती है। बिना बिल आये लाइट जाने से परेशान है। 30 दिन तक बिल जमा न होने पर बिजली कट जाती है और एडवांस भी पैसा जमा करना पड़ रहा है। ऐसे में प्री-पेड मीटर का विरोध किया जा रहा है। स्थानीय लोगों की मांग की कि मीटर पोस्टपैड किया जाये और जबरदस्ती कनेक्शन न काटे जाये। एक महीने का समय दिया जाये, उसके बाद ही बिजली काटने की स्थिति बने। उपभोक्ता मजबूर है। ऐसे में शाम 7 बजे से 9 बजे तक बिजली नहीं दी जाती है। इससे शाम को दुकानदारों एवं अन्य कार्य बाधित हो रहे है। बिजली व्यवस्था के साथ-साथ रोस्टर भी सही से लागू किया जाये। नवाबगंज में इन दिनों बिजली व्यवस्था रामभरोसे चल रही है। यह नवाबगंज का ही हाल नहीं है, बल्कि पूरे जिले के उपभोक्ता बिजली विभाग से परेशान है। जबसे स्मार्ट मीटर विभाग द्वारा लगाये गये जा रहे है तब से आये दिन उपभोक्ताओं को एक नई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले स्मार्ट मीटर लगने पर बिल नहीं आया। बिजली काटने पर जब लोगों ने सम्पर्क किया तो पता चला कि बिल जमा नहीं किया और जब उपभोक्ता ने बिल जमा कर दिया। दूसरे या तीसरे दिन उसकी बिजली फिर काट दी गई। बिजली विभाग में जब उपभोक्ता अपनी शिकायत को लेकर पहुंच रहे है तो विभाग उनकी समस्या का समाधान करने की बजाय एक नई परेशानी बढ़ा दी कि अब बिल से दोगुने रुपये एडवांस जमा करें, तब बिजली चालू होगी। अधिकांश उपभोक्ता ऐसे है जो रोज अपना जीवन यापन करने के लिए या तो किसी के यहां मजदूरी कर रहे है या फुटपाथ पर अपनी साग-सब्जी या ठेली लगाकर गुजारा कर रहे है।

ऐसे में दो से चार हजार रुपये एडवांस उपभोक्ता कहां से दे। कहने के लिए जनप्रतिनिधि है, लेकिन उपभोक्ताओं की परेशानी किसी को न दिखायी दे रही है और न ही सुनाई दे रही है। विद्युत विभाग के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का एक ही जबाव हमारे हाथ में नहीं है, ऊपर से बिजली काटी गयी है। जबकि सरकार सबका साथ सबका विकास की बात कर रही है। जबकि स्मार्ट मीटर से उत्पन्न होने वाली परेशानियों से हर उपभोक्ता परेशान है।

# बाइक सवार मार्ग दुर्घटना में घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

वाहन को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गयी। जिससे युवक घायल हो गया। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया।

थाना नवाबगंज के गांव बघौना निवासी सचिन कुमार गुरुवार दोपहर बाइक से गांव करनपुर से घर लौट रहा था। गांव करनपुर व बांसमई के बीच पहुंचते ही सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे सचिन बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

लोगों की सूचना पर पहुंचे थाने के उपनिरीक्षक गीतम सिंह, कांस्टेबिल अरविंद कुमार, किरन कुमार थाने की जीप से घायल सचिन को सीएचसी नवाबगंज लाए। सीएचसी पर मौजूद अधीक्षक डॉ0 लोकेश शर्मा व बार्ड व्याय अजय कुमार ने घायल सचिन का प्राथमिक उपचार किया। डॉ0 लोकेश शर्मा ने घायल सचिन की हालत गंभीर देख उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल सचिन की बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

## फॉर्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर 7 जनसेवा केंद्रों को नोटिस जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासन स्तर से फॉर्मर रजिस्ट्री कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा किए जाने के बावजूद अपेक्षित सहयोग न प्रदान करने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। इस संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए 7 जनसेवा केंद्रों के संचालकों को स्पष्टीकरण हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस जारी किए गए जनसेवा केंद्रों में विपिन जनसेवा केंद्र पिपरगांव, भूप सिंह जनसेवा केंद्र पिपरगांव, मुर्शीद राणा जनसेवा केंद्र याकूतगंज, सतगुरु जन सेवा केंद्र मदनपुर, रामू जनसेवा केंद्र त्योरखास, परवेज अहमद जन सेवा केंद्र जरारी तथा संदीप जनसेवा केंद्र सिरौली शामिल हैं। डीएम ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी संबंधित जनसेवा केंद्रों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना होगा।

# रीलबाजी करने पर पुलिस ने काटा 19,500 का चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर में स्टेट हाईवे पर रील बाजी व हूटर बजाना दो युवकों को भारी पड़ गया। वीडियो संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने तत्काल गाड़ी को सीज कर 19,500 का जुर्माना लगा दिया। जनपद अवैध हूटर बजाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो युवकों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने चालान किया है। अमृतपुर थाना क्षेत्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें युवक स्टेट हाईवे पर रील बाजी कर हूटर बजा रहे है। पुलिस ने वीडियो को संज्ञान लेने के बाद युवकों की पहचान की और उन्हें हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद उनके खिलाफमोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस ने उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी कि भविष्य में ऐसी हरकत न दोहराएं। युवकों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए दोबारा ऐसा न करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। पुलिस ने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए अपनी या दूसरों की जान जोखिम में न डालें और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनने पर किसानों को मिलेगी अगली किस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद के समस्त किसानो की एवं विशेष रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने वाले किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाये जाने का कार्य अभियान के रूप में चलाया जा रहा है, भारत सरकार से यह निर्देशित किया गया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के समस्त लाभार्थियों को अगली किस्त का लाभ तभी मिलेगा, जब उनकी फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बन जाएगी। जनपद स्तर पर प्रत्येक राजस्व ग्राम के लिए कार्मिकों की ड्यूटी लगाते हुए किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री आई0डी0 बनाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने 08 अप्रैल को फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा में प्रगति न करने वाले 169 पंचायत सहायक, 23 पंचायत सेक्रेटरी, 44 लेखपाल एवं 17 ग्राम रोजगार सेवक के विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया गया।

# भूल स्वीकार करने पर प्रधान के वित्तीय अधिकार डीएम ने किये बहाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकारी धन का दुरुपयोग करने के मामले में जिलाधिकारी द्वारा लगायी गई रोक ग्राम प्रधान द्वारा भूल स्वीकार कर लेने पर वित्तीय अधिकार बहाल कर दिये है। जानकारी के अनुसार बढ़पुर ब्लाक की ग्रामसभा भाऊपुर खुर्द के प्रधान की ओर से मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया में भूल स्वीकार करने के बाद जिला मजिस्ट्रेट ने प्रधान प्रवेश कुमार के वित्तीय अधिकार बहाल कर दिये हैं। इसके साथ ही प्रधान को अंतिम रूप से सचेत करते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार के कृत्यों की पुनरावृत्ति न होने पाये।

शिकायतकर्ता नगला कलार निवासी रूपलाल ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें प्रधान के कार्यों की जांच पड़ताल कराये जाने की मांग की थी। डीएम ने परियोजना निदेशक डीआरडीए और अधिशासी अभियंता आरईएस को जांच दी। जांच में पाया गया कि प्रधान प्रवेश कुमार और तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी अंजली श्रीवास्तव ने प्रधान के भाई रोशन कुमार राजपूत को विभिन्न मदों में भुगतान कर दिया। रोशन कुमार शिक्षा मित्र के साथ ही श्रमिक के रूप में कार्य कर श्रमांश और सामग्री अंश के रूप में 1 लाख 88 हजार 991 रुपये सरकारी धनराशि का लाभ प्राप्त कर चुके हैं जो कि नियमों का उल्लंघन है। अंतिम जांच अधिकारी जिला विकास अधिकारी और पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता ने उपलब्ध करायी गयी परीक्षण आख्या में कहा कि प्रधान के खिलाफवसूली की धनराशि का उल्लेख नहीं किया गया है। प्रारंभिक जांच आख्या में पाये गये निष्कर्ष सही हैं। प्रधान और सचिव ने शासकीय धनराशि का भुगतान नियमों के विरुद्ध किया है।

इसको लेकर प्रधान को नोटिस और स्पष्टीकरण मांगा गया था। प्रधान की ओर से अवगत कराया गया कि नियम विरुद्ध भुगतानित धनराशि 188991 रुपये की प्रतिपूर्ति स्वयं के संसाधन से भुगतान के आधा अंश 94496 रुपया ग्राम निधि प्रथम के खाते में जमा करा दी है। प्रधान ने यह भी कहा कि मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया में भूल हो गयी है। इस पर जिला मजिस्ट्रेट ने प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों पर लगी रोक को हटा दिया है।

# आंगनबाड़ीः रुपए लेकर भर्ती करने का लगाया आरोप

▸ **पीड़िता ने डीएम से की शिकायत कर कार्यवाही की मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आंगनबाड़ी सहायिका की रूपया लेकर भर्ती करने का आरोप लगाते हुए महिला ने जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र देकर मेरिट के आधार पर भर्ती करने तथा भ्रष्ट लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। अंशिका यादव पुत्री सरनेश यादव निवासी ग्राम बेग पोस्ट नवाबगंज ने दिये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर अपने ग्राम बेग से आवेदन किया था।

परन्तु कुछ दबंग पैसे वालों ने ऊपर के अधिकारियो से सांठगांठ कर मेरे स्थान पर गीता देवी पत्नी हरवीर का नाम लिस्ट में कर दिया है, जबकि गीता देवी की मेरिट लिस्ट मुझसे कम है। गीता से मेरे नम्बर कहीं अधिक है। ग्राम वेग में जितने भी आवेदन आंगनबाड़ी सहायिका के लिये हुये हैं उनमें सभी लड़कियों/ महिलाओं में से सबसे अधिक अंक मेरे ही है।

पीड़िता ने ग्राम बेग की आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती निष्पक्ष रूप से कराने तथा भ्रष्ट कर्मचारियों के विरूद्ध उचित कार्यवाही कर आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर भ्रष्टाचार रोकते हुयें मेरिट के आधार पर सही व उचित चयन कर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की की मांग की है।

# एहि धनु पर ममता केहि हेतु, सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतू



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परसुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हिन्दू धर्म में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष अक्षय तृतीया के दिन मनाया जाता है। जब धरती पर बुराई फैली तो उसका संहार करने के लिए परशुराम ने भगवान विष्णु के छठे अंश के रुप में जन्म लिया।

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**



सचिन देव तिवारी, ग्राम प्रधान

**अमृतपुर प्रधान सचिन देव तिवारी** ने बताया कि भगवान परशुराम ने समस्त जगत का कल्याण व धरती पर वैदिक संस्कृतिक प्रचार कर लोगों में आस्था जगायी थे। वे न्याय प्रिय थे। अन्याय को कभी उन्होंने सहन नहीं किया। 21 बार पृथ्वी से आतताइयों का संहार कियो। त्रेता युग में महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के घर इंदौर (म0प्र0) के जानापाव पर्वत पर जन्मे परशुराम ने अन्याय और अत्याचार को खत्म करने का प्रण लिया था।



नंदकिशोर दुबे वंदेमातरम

**सपा नेता नंदकिशोर दुबे** ने बताया कि महाभारत और विष्णु पुराण के अनुसार परशुराम का मूल नाम राम था, किन्तु भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया, तभी से उनका परशुराम हो गया। वह अपने पिता माता के आज्ञाकारी पुन थे। अपने पिता के कहने पर अपनी मां का सिर धड़ से अलग कर दिया। पिता से वरदान में अपनी मां का पुनः जीवन दान में मांग लिया था। उन्हें विष्णु का आवेश अवतार माना जाता है।



अतुल पाठक, लिपिक

**समाजसेवी व लिपिक अतुल पाठक** ने बताया कि भगवान परशुराम ने अत्रि की पत्नी अनसुइया, अगस्त की पत्नी लोपामुद्रा व अपने प्रिय शिष्य अकृतवण के सहयोग सहयोग से विराट नारी जागृति अभियान का संचालन भी किया था। वे पुरुषों के लिए जीवन एक पत्नीव्रत के पक्षधर थे। वे हमेशा निर्णायक और नियामक शक्ति रहे। दुष्टों का दमन और सत-पुरूषों को संरक्षण उनके चरित्र की विशेषता है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति को किया गया जागरुक



पुलिस ने स्कूल में छात्राओं को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के तहत पुलिस ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं व छात्राओं को जागरुक किया। आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश देना था। थाना कमालगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलु हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। वहीं कोतवाली कायमगंज पुलिस ने एक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजिक कर छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत जागरुक किया। इसके साथ ही थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, महिला थाना पुलिस, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य से विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया।

# देशी शराब, कम्पोजिट व भांग की दुकानों का ई-लाटरी से हुआ आवंटन

▸ पारदर्शिता के साथ सिमुलेशन एवं फाइनल रैंडमाइजेशन सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनपद में आबकारी विभाग की देशी शराब, कम्पोजिट तथा भांग की दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ई-लॉटरी प्रक्रिया कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। यह प्रक्रिया जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, आबकारी आयुक्त द्वारा नामित सदस्य देवेन्द्र रावत (सहायक आबकारी आयुक्त) एवं जिला आबकारी अधिकारी जी0पी0 गुप्ता की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि कुल 13 दुकानों हेतु 240 आवेदन प्राप्त हुए। ई-लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ सिमुलेशन (मॉक ट्रायल) एवं फाइनल रैंडमाइजेशन के माध्यम से सम्पन्न कराई गई। सिमुलेशन के दौरान देशी शराब की दुकान राजेन्द्र नगर (65 आवेदन) पर प्रक्रिया का प्रदर्शन कर सभी आवेदकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित होने की जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त कम्पोजिट दुकान बराकेशव (42 आवेदन) एवं भांग की दुकानों पर भी सिमुलेशन प्रक्रिया प्रदर्शित की गई। इसके उपरांत देशी शराब की 7 दुकानों (कुल 214 आवेदन) का फाइनल रैंडमाइजेशन किया गया। आवंटन किए गए रेलवे रोड-मंजू देवी, इकलहरा-प्रभात कुमार गुप्ता, रामनगर-सरला देवी, शिकारपुर-रमेश, भोजपुर-बृजेश कुमार, कुम्हरौर-अरुण प्रताप सिंह, राजेन्द्र नगर-पवन कुमार के नाम शामिल है। कम्पोजिट की 3 दुकानों का रैंडमाइजेशन किया गया। जिसमें बहबलापुर-ऋषिदेव, बराकेशव-धर्मा, सिनौड़ा-विष्णु प्रकाश गुप्ता के नाम शामिल है। वहीं भांग की 3 दुकानों का भी ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया।

जिसमें किराना बाजार-दिलदीप कुमार गुप्ता, नितगंजा-सनी, साहबगंज-मनीषा वर्मा के नाम है। सम्पूर्ण प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।



बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

# इग्नू के 39वां दीक्षांत समारोह में 357 विद्यार्थियों को दी गई डिग्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

डी.एन. कॉलेज फतेहगढ़ में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र 2729 के समन्वयक डॉ. आर.एन. सिंह ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का 39वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य समारोह इग्नू मुख्यालय मदान गढ़ी नई दिल्ली में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन तथा तरनजीत सिंह संधू दिल्ली के उप-राज्यपाल विशिष्ट अतिथि रहे। 51 क्षेत्रीय केंद्रों पर समानांतर दीक्षांत समारोह भी आयोजित किया गया।

जहां पर परास्नातक एवं स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से उपाधि प्रदान की गयी। लखनऊ में यह कार्यक्रम इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के सभागार में आयोजित किया गया। क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के समारोह में प्रोफेसर के.के. शुक्ला प्राचार्य जय नारायण मिश्रा पी.जी. कॉलेज लखनऊ विशिष्ट अतिथि, जिन्होंने 357 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ की प्रगति व्याख्या में कहा कि इग्नू अपनी विशेषताओं के कारण आज विश्व का सबसे बड़ा विद्याविश्वविद्यालय है। हाल ही में इसे एनआईआरएफ रैंकिंग में दूरस्थ विश्वविद्यालय की श्रेणी में लगातार दूसरी बार प्रथमः भर्गा है।


दीक्षांत समारोह में मौजूद प्रोफेसर आदि

# यूजीसी नेट पास कर लकी यादव ने बढ़ाया जिले का मान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगर की प्रतिभाशाली छात्रा लकी यादव ने इतिहास विषय में यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से परिवार समेत पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और शुभचिंतकों द्वारा उन्हें बधाई दी जा रही है।

नगर के शिवनगर कॉलोनी निवासी लकी यादव, पिता कौशलेंद्र बाबू यादव (बेबाक कवि) एवं माता पुष्पलता यादव, प्रधानाध्यापक जूनियर विद्यालय ढिलावल की सुपुत्री हैं। लकी ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। लकी यादव की प्रारंभिक शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा वनस्थली विद्यापीठ जयपुर से पूर्ण हुई है। उन्होंने लोक प्रशासन एवं इतिहास विषय में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है। वर्तमान में वह असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लक्ष्य के साथ-साथ सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में भी जुटी हुई हैं।


लकी यादव

लकी यादव की इस सफलता पर परिजनों, मित्रों एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि उनकी यह उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

# मौसम बदलने से बीमारियों ने पसारे पैर

▸ सर्दी-गर्मी से खांसी, जुकाम, बुखार, पेट दर्द के बढ़े मरीज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

बिन मौसम आंधी, बारिश के चलते दिन में गर्मी व रात के समय सर्दी से क्षेत्र में बीमारी ने अपने पैर पसारे। जिससे सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार व अन्य गंभीर मरीजों की संख्या बढ़ी। नगर पंचायत भरगैन में सीपी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया।

जिसमें बदलते मौसम के चलते गंभीर बीमारियों ने अपने पैर पसारे, इसको देखते हुए सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, हड्डी और पेट से संबंधित व दिमाग व नसों से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ी। कैंप में नगर व ग्रामीण अंचल के मरीजों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण व दवाइयां प्राप्त की। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कालिया सेठ द्वारा निःशुल्क परीक्षण कैंप का उद्घाटन किया। इस दौरान डॉक्टर अनुराग सिंह, देवेश द्विवेदी, नितिन गंगवार, गोपी सक्सेना, आरती पाल, कैलाश पाल सहित अहमद सेठ, आमिर, बासिद सहित अनेक लोगों ने कैंप में सहयोग किया।

इस दौरान कुल 160 मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवाइयां वितरित किया।



स्वास्थ्य परीक्षण कराते लोग

# ढाबा संचालक पर जानलेवा हमले में चार पर मुकदमा दर्ज

▸ उपनिरीक्षक राघवेंद्र सिंह को सौंपी गई मामले की जांच

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी ढाबा संचालक पर पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने जानलेवा हमला के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार राजपुर निवासी शिवकांत मिश्रा पुत्र अमरनाथ ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 7 अप्रैल को दोपहर करीब 2:30 बजे वह अपने ढाबे पर बैठे थे, तभी पुरानी रंजिश के चलते आरोपी रतीपाल पुत्र जगदीश निवासी राजपुर, जितेंद्र यादव पुत्र दफेदार निवासी गूजरपुर पमारान तथा दो अज्ञात व्यक्ति लाठी-डंडा, लोहे की रॉड और तमंचा लेकर वहां पहुंचे। सभी ने गाली-गलौज करते हुए पुराने मुकदमे वापस लेने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपियों ने जानलेवा हमला कर दिया। चीखपुकार करने पर भाई व राहगीर आ गये, जिन्होंने किसी तरह बचाया।

जाते समय आरोपीगणों ने धमकी दी कि वे उसकी गेहूं की फसल में आग लगाकर उसे और उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 109,115, 352, 351 में मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले की जांच उपनिरीक्षक राघवेंद्र सिंह को सौंपी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत दी गई जानकारियां

## पार्टी का झण्डा लगाकर मनाया गया स्थापना दिवस सप्ताह कार्यक्रम

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकासखंड नवाबगंज के अचरा मंडल शक्ति केंद्र बबना में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में गांव चलो अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. बीके गंगवार ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की सभी योजनाओं किसान सम्मन निधि, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, गरीबों को राशन, उज्ज्वला गैस योजना, चारों तरफ सड़कों का विकास आदि की जानकारी दी।

गांव में लोगों के दरवाजे पर भाजपा का झंडा लगाते हुए जन-जन तक पहुंचाये जाने की बात कही। किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र राजपूत, मंडल अध्यक्ष भाजपा अचरा कुनेंद्र गंगवार ने विचार व्यक्त किये और केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारियां दी। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा नवाबगंज कमल भारद्वाज, सहकारी समिति अध्यक्ष योगेश चौहान, शक्ति केंद्र संयोजक धर्मेंद्र सिंह, बूथ अध्यक्ष मयंक शाक्य एवं सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।


झण्डा लगाते बीके गंगवार व कुनेन्द्र गंगवार

## 12 अप्रैल को जनपद के दौरे पर रहेंगे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय 12 अप्रैल को जनपद फर्रुखाबाद में आयेंगे। लखनऊ से चलकर 2 बजे ग्राम प्रानपुर पल्यूरा में कांग्रेस नेता कन्हैया लाल त्रिपाठी के निवास पर पहुंचेंगे। 3 बजे फर्रुखाबाद नगर पीपल वाली गली अजय पाल के निवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना देंगे। साथ ही आवास विकास तिराहा स्थित प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र सिंह यादव के निवास पर पहुंचकर उनके पिता पूर्व विधायक सुरेश यादव के निधन पर श्रद्धांजलि देंगे। शाम 4 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजबहादुर द्वारा पत्र भेजकर दी गई है।

# बाइक रैली को लेकर शिक्षकों ने विद्यालयों में किया जनसम्पर्क

▸ टीईटी अनिवार्यता का किया जायेगा विरोध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले गुरुवार को चौथे दिन जनपद में संगठन द्वारा ब्लॉक कमालगंज में विभिन्न प्राथमिक व जूनियर ऐडेड विद्यालयों का सघन जनसंपर्क किया और उनको 13 अप्रैल को बाइक रैली में आने के लिए निवेदन किया।

13 अप्रैल की बाइक रैली में आने के लिए शिक्षकों में भारी उत्साह दिखा और सबने मुद्दे को हाथों हाथ लिया। कहा कि इस रैली को हम सफल बनाएंगे। ये शिक्षिकों की नौकरी पर सीधा बार है। हम सब इतनी संख्या में आएंगे कि आज तक बाइक रैली अपने जनपद में नहीं निकली होगी। शिक्षक के साथ-साथ शिक्षिका बहनों ने भी हम लोगों का सहयोग हर संभव सहयोग करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि हम विद्यालय से सीधे पहुंचेंगे और अपने मित्र मंडली के साथ आएंगे। आप लोग इस मुहिम को जारी रखिए। महासंघ ने ब्लॉक बढपुर के गढ़िया प्राथमिक विद्यालय, प्रा. विद्यालय में कुंदन गणेशपुर, जहानगंज के तीनों विद्यालय गर्ल्स कंपोजिट विद्यालय जहानगंज, प्राथमिक विद्यालय भावना, प्राथमिक इंग्लिश मीडियम जहानगंज, प्राथमिक जहानगंज, अहमदपुर देवरिया, कुंवारापुर उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंवरपुर, उस्मानपुर प्राइमरी स्कूल माधवपुर, प्राथमिक विद्यालय सिरोंज यूपीएस से पहले प्राथमिक स्कूल लव हुआ। नगला प्राइमरी पटिया छेदी सिंह आदि विद्यालय में सघन जनसंपर्क किया गया।

जनसंपर्क के दौरान अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, जिला संयोजक भूपेश प्रकाश पाठक, अटेवा जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव, जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार, टीएससीटी के जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार, जिला मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ प्रवेश सिंह राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप दुवे, विवेक यादव, सोमनाथ दीक्षित, नरेंद्र कुमार सुमन, प्रकाश आनंद राजपूत, जितेंद्र राजपूत, संतोष दिवाकर, सुरेंद्र पाल आदि शिक्षक नेता मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद शिक्षक नेता


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते धर्मेन्द्र राणा

## अंबेडकर जयंती पर लखनऊ कार्यक्रम में सहभागिता का किया आवाह्न

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। बहुजन समाज पार्टी की विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष धर्मेन्द्र राणा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मण्डल प्रभारी कानपुर विजय भास्कर उपस्थित रहे। बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर लखनऊ में अधिक से अधिक संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आवाह्न किया। मुख्य अतिथि विजय भास्कर ने कहा कि 14 अप्रैल को सभी कार्यकर्ता लखनऊ स्थित डॉ. बाबा साहब अंबेडकर स्मारक, गोमती नगर पहुंचकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर वर्ष 2027 में प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने के लिए संकल्प लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर विनोद गौतम, नीरज गौतम, रामऔतार गौतम, प्रेमसिंह गौतम, अहिवरन लोधी, गौरव सिद्धार्थ, आनन्द सिद्धार्थ, नेमसिंह गौतम, दीपसिंह जाटव, अजयवीर शाक्य, अनुज गौतम, प्रमोद गौतम, विजेन्द्र गौतम, वीरेंद्र कुमार, संजय गौतम, तेजबहादुर, सर्वेश कुमार, रामप्रकाश वर्मा, आनन्द गौतम, राजेश शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

# सांप-सीढ़ी खेल के जरिए डायरिया से बचाव के दिए संदेश

▸ जरूरी सावधानी बरतें और छोटे बच्चों को डायरिया से बचाएं: डॉ शोभा सक्सेना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिले में चलाये जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मलेरिया, फाइलेरिया व अन्य मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के जरूरी संदेश जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही दस्त नियंत्रण के बारे में भी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा जनसमुदाय को जानकारी दी जा रही है।

गुरुवार को मोहल्ला चिलपुरा में नगरीय स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा अधिकारी मेडिकल ऑफिसर डॉ0 शोभा सक्सेना की अध्यक्षता में महिला आरोग्य समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित लोगों को डायरिया रोकथाम, टीकाकरण, आयुष्मान योजना व अन्य स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ0 शोभा ने सांप-सीढ़ी खेल के जरिये रोचक अंदाज में बताया कि छोटे बच्चों की समुचित देखभाल भी एक अद्भुत कला है, बच्चों की सही परवरिश और स्वास्थ्य का सही ख्याल न रखा जाए तो बच्चे डायरिया समेत कई बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। डायरिया से बचने के लिए हमें अपनी नजदीक की आशा कार्यकर्ता से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिन भर में अगर बच्चे को दो या तीन से अधिक बार पानी जैसी पतली दस्त आए तो बच्चे को आशा कार्यकर्ता द्वारा दी जाने वाली जिंक की गोली और ओआरएस का सेवन बताई गयी मात्रा के अनुसार ही कराएं, जिससे बच्चे के शरीर में पानी की कमी न होने पाए। इस दौरान पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया पीएसआई इंडिया से अनुपम मिश्र, एएनएम योगेंद्रवती, महिला आरोग्य समिति की अध्यक्ष उर्मिला, आशा प्रीति चौहान सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।


लोगों को जागरुक करते स्वास्थ्य कर्मचारी

## 54 लेखपालों का रोका वेतन, 333 कर्मचारियों पर लटकी कार्यवाही तलवार

▸ फार्मर रजिस्ट्री आईडी में शिथिलता बरतने का मामला
▸ कृषि विभाग के आठ कर्मचारियों की प्रगति निराशाजनक मिली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फार्मर रजिस्ट्री आईडी न बनाने के मामले में मुख्य विकास अधिकारी ने 333 कर्मचारियों पर कार्यवाई के आदेश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में राजस्व विभाग,कृषि विभाग, डीसी मनरेगा व डीपीआरओ को पत्र जारी किया है।

डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री प्रगति की समीक्षा की। सात अप्रैल को शून्य प्रगति दिखने पर जिलाधिकारी ने 54 लेखपालों का एक दिन का वेतन रोक दिया है। अभियान के तहत जनपद में फार्मर रजिस्ट्री बनाने का काम चल रहा है। जिसमें पंचायती राज विभाग, मनरेगा, राजस्व व कृषि विभाग के कर्मचारियों को लगाया गया है। सीडीओ ने समीक्षा की तो 333 कर्मचारी की कार्य प्रगति शून्य मिली। इस पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ ने डीसी मनरेगा को पत्र लिखकर निष्क्रिय 24 रोजगार सेवकों के खिलाफकार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। समीक्षा के दौरान 32 ग्राम पंचायत सचिव व 212 पंचायत सहायक, 57 लेखपाल और कृषि विभाग के आठ कर्मचारियों की प्रगति निराशाजनक मिली। डीएम ने तहसील सदर क्षेत्र के 26, अमृतपुर क्षेत्र के तीन व तहसील कायमगंज क्षेत्र के 25 लेखपालों का वेतन रोकने के निर्देश दिये है।

# बारिश-ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग

समाजवादी मजदूर सभा का प्रदर्शन

▸ कलेक्ट्रेट पहुंचकर की नारेबाजी, डीएम को सौंपा ज्ञापन

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर समाजवादी मजदूर सभा ने गुरुवार को कलक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय सचिव पुष्कल यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे और डीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासन से फसल नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर किसानों को जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की।

पुष्कल यादव ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं, मक्का सहित कई फसलें भारी नुकसान की चपेट में आ गई हैं। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और उनके परिवार के भरण-पोषण तक की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन टीम गठित कर शीघ्र नुकसान का आंकलन कराए और राहत राशि जारी करे। प्रदर्शन में शामिल किसान सत्यवती ने बताया कि उनकी 10 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। उन्होंने कहा कि बेटियों की शादी करनी है, लेकिन लगातार फसल नुकसान से आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है।

वहीं, सुरसी गांव निवासी देवेंद्र कुमार ने बताया कि अब तक नुकसान का सर्वे शुरू नहीं हुआ है। आलू का उचित मूल्य नहीं मिल रहा और गेहूं की फसल भी नष्ट हो गई है। उन्होंने कहा कि किसान दोहरी मार झेल रहा है, लेकिन अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सर्वे कराकर मुआवजा नहीं दिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



## नजरापुर में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे कर्मचारियों को भाजपा जिलाध्यक्ष ने लौटाया

कन्नौज। विकास खंड कन्नौज की ग्राम पंचायत नजरापुर में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे ठेकेदार और बिजली विभाग के कर्मचारियों को ग्रामीणों के विरोध के चलते वापस लौटना पड़ा। सूचना मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों की आपत्ति के बाद कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए गांव से वापस भेज दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि बिना स्पष्ट जानकारी और सहमति के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे उनमें नाराजगी है। इस पर जिलाध्यक्ष ने पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों व अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की सहमति और पूरी जानकारी के बिना कार्य न किया जाए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह, ग्राम प्रधान गुड्डू सिसौदिया, श्यामू दुबे, अंकित भदौरिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विस निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन आज : डीएम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

जनपद में विधानसभा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन आज किया जाएगा। इसको लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। तीनों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची प्रिंट होकर प्राप्त हो चुकी है, जिन्हें बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) और उपजिलाधिकारियों के माध्यम से संबंधित क्षेत्रों में वितरित कर दिया गया है। प्रशासन के अनुसार अंतिम प्रकाशन के बाद मतदाता सूची आगामी 7 दिनों तक संबंधित मतदान केंद्रों पर आम नागरिकों के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी। इस दौरान मतदाता अपने नाम, पता, फोटो सहित अन्य विवरणों की जांच कर सकते हैं। यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों को समय रहते अवगत कराया जा सकता है, जिससे मतदान के दौरान किसी भी तरह की असुविधा से बचा जा सके। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी आज मतदाता सूची की निशुल्क प्रतियां उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि वे भी सूची का परीक्षण कर सकें और आवश्यक सुझाव या आपत्तियां दर्ज करा सकें। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी बूथ पर जाकर मतदाता सूची का अवलोकन अवश्य करें और सुनिश्चित करें कि उनका नाम सही तरीके से दर्ज हो।


**कार्यालय ग्रा0पं0 कुबेरपुर डुंगरसी वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/ टेण्डर प्रकाशन 2026-2027 दिनांक 09/04/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुबेरपुर डुंगरसी वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 10/04/2026 से 17/04/2026 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17/04/2026 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | सुधीर के घर से ओमकार की जगह तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 2.5 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-रीना देवी ग्रा0पं0 कुबेरपुर डुंगरसी, वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव- शिवपाल सिंह

## आवास योजना में फर्जीवाड़े का आरोप

# गलत फोटो व झूठे दस्तावेज लगाने की शिकायत

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर(खीरी)।**



जनपद लखीमपुर खीरी के विकास खंड निघासन क्षेत्र के ग्राम गुलरी पुरवा निवासी बाबा देवता पुरी ने प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना में गंभीर अनियमितताओं और फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनके नाम से आवास योजना का आवेदन तैयार करते समय दूसरे व्यक्ति के मकान की फोटो लगाकर भ्रामक दस्तावेज तैयार किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ ग्रामीणों से सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए गए और उन्हें आवास दिलाने के नाम पर गुमराह किया गया, जबकि बाद में उन्हीं कागजों का गलत इस्तेमाल किया गया। बाबा देवता पुरी का कहना है कि आवेदन में वास्तविक तथ्यों को छिपाकर गलत जानकारी दर्ज की गई है। पात्रता की जांच वास्तविक आवास और स्थिति के आधार पर होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा न कर फर्जी फोटो और गलत अभिलेखों के जरिए रिकॉर्ड तैयार कर लिया गया। उन्होंने इसे सरकारी योजना के दुरुपयोग और गरीबों के अधिकारों का हनन बताया है। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि इस प्रकार की अनियमितता के जरिए अपात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने या वास्तविक पात्रों को वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग सीएम पोर्टल पर की है। शिकायत में यह भी मांग की गई है कि संबंधित आवेदन व अभिलेखों की जांच, हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया की पड़ताल, भौतिक सत्यापन (स्पॉट जांच) तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर आवश्यक कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जाए। साथ ही, जांच पूरी होने तक सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने और कार्रवाई की लिखित सूचना उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

# तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक गंभीर

**समृद्धि न्यूज़, बरवर (खीरी)।** बरवर-मोहम्मदी मार्ग पर गुरुवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। गलरई गांव के पास पीछे से आ रहे एक बेकाबू कंटेनर ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और लहूलुहान हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, मैगलगंज थाना क्षेत्र के महुआढाब निवासी संजय (32) पुत्र रामचंद्र और मस्तराम (45) पुत्र गयादीन किसी काम से मोटरसाइकिल से मोहम्मदी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे गलरई गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार और अनियंत्रित कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।



**स्थानीय लोगों ने पहुंचाई मदद, पुलिस ने संभाला मोर्चा**

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और घायलों को संभालते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बरवर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोहम्मदी भिजवाया गया।

**सीएचसी में चल रहा उपचार, हालत नाजुक**

सीएचसी मोहम्मदी में डॉक्टरों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के मुताबिक दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जरूरत पड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया जा सकता है।

**भाग रहे कंटेनर चालक को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा**

दुर्घटना के बाद कंटेनर चालक वाहन समेत मौके से भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर कुछ दूरी पर ही कंटेनर को पकड़ लिया। चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**ओवरस्पीडिंग बनी हादसों की वजह**

बरवर-मोहम्मदी मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण नहीं होने से लगातार दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और स्पीड कंट्रोल के उपाय लागू करने की मांग की है।

**पुलिस ने शुरू की कार्रवाई**

बरवर पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### बर्तन बेचने आई महिलाओं ने ठगी कर सोने व चांदी के आभूषण लेकर फरार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव में बुधवार की देर शाम बर्तन बेचने के लिए आई दो महिलाओ ने आधा दर्जन घरों के महिलाओ को पुराना बर्तन के बदले नया बर्तन देकर चांदी के आभूषण के बदले नया बर्तन देने का लालच देकर सोने चांदी के आभूषण व बर्तन लेकर भाग निकली ठगी कर गई। महिलाओ के वापस नहीं आने पर ठगी हुई महिलाओ के होश उड़ गए है । ठगी होने की सूचना पुलिस को दिया है थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव निवासी जलीमुनिशा के यंहा बर्तन बेचने के लिए आई दो महिला ठगो ने चांदी का लक्षा चार पीस लेकर नया बर्तन देने की बात कहकर गहना लेकर चली गई । इसी प्रकार अम्मा के यंहा से चांदी की दो जोड़ो मिना, एक पायल, ठग कर भाग निकली इसी प्रकार नजामा का सोने का मंगल सूत्र व दो जोड़ी मिना व फातिमा का पायल सोने की लाकेट चांदी 4 जोड़ी मिना व बैजन्ति का सोने का फुरहरी चांदी का सिकड़ी दो कटोरा, परात,गुड़िया का लाकेट सोने का व साधना का सोने का लाकेट, कसहड़ा, गिलास छोटा कटोरा व कंचन का बिछिया व पायल का ठगी कर भाग निकली ठगी करने वाली दोनों महिलाओ की खोजबीन ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। ठगी की सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सूरज मौर्या ने मौके पर पहुंचकर ठगी होने वाले परिवार से मिलकर ठगी की जानकारी लिया है और स्थानीय पुलिस को सूचना दिया है पुलिस को दिया पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

### स्कूली बच्चों ने रैली निकाल स्वच्छता का दिया संदेश

**हलिया (मिर्जापुर )।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय रतेह के बच्चों ने स्वास्थ्य विभाग की अगुवाई में जागरूकता रैली निकाली।स्कूली बच्चों ने कुंए ढंके हो जाली से,बहे गंदगी नाली से।सब रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ-सफाई।

## एडीएम नमामि गंगे व विद्यायक ने क्षतिग्रस्त पाइपलाइन व पेयजल आपूर्ति की जानी हकीकत



**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

अपर जिलाधिकारी (एडीएम)नमामि गंगे विजेता व छानबे विधायक रिंकी कोल ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान गुरुवार को हलिया विकास खंड के मवई कला व मवई खुर्द गांव में क्षतिग्रस्त पाइप लाइन का मौके पर पहुंचकर जल निगम के अधिकारियो के साथ निरीक्षण किया और पेयजल आपूर्ति के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी लिया है । इसके बाद सुईया कला, सरहरा, बरडीहा कला, खुर्द, बसुहरा गांव, अहुगी खुर्द, कला, राजपुर, हथेड़ा गांव में भी क्षतिग्रस्त पाइप लाइन का निरीक्षण किया पेयजल आपूर्ति के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी लिया है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बरहूला का निरीक्षण किया है संबंधित अधिकारियो को जिन गांवो में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त है क्षतिग्रस्त पाइप लाइन का मरम्मत कार्य कराते हुए पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। ताकि गर्मी के समय पेयजल के लिए ग्रामीणों को परेशान ना होना पड़े इस दौरान अधिशाषी अभियंता जल निगम राजेंद्र कुमार गुप्ता, सहायक अभियंता अरुण प्रभाकर, प्रशांत तिवारी, मृतुन्जय मिश्रा, अपना दल एस शशिकांत पटेल, जनार्दन कोल, मार्तण्ड सिंह, आदि मौजूद रहे।

## कुत्तों के हमले से घायल हिरन को एसएसबी ने बचाया, उपचार के बाद जंगल में छोड़ा

**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।**

जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक निघासन अंतर्गत रघुनगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों के झुंड द्वारा एक हिरन पर हमले की घटना सामने आई है। घटना सुबह करीब 6=15 बजे की बताई जा रही है, जब कुत्तों ने हिरन को घेरकर उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही तृतीय वाहिनी सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) के जवान तत्काल मौके पर पहुंच गए। जवानों ने बिना देर किए कुत्तों को वहां से खदेड़ा और घायल हिरन को सुरक्षित अपने कब्जे में लिया। इस दौरान उन्होंने पूरी सावधानी बरतते हुए हिरन को और अधिक चोट लगने से बचाया।

इसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने हिरन का प्राथमिक उपचार किया। बताया गया कि हिरन के शरीर पर कई स्थानों पर चोटें आई थीं, जिनका मौके पर ही उपचार किया गया। इलाज के बाद हिरन की हालत में सुधार देखा गया।

## सुहेली नदी में बहता मिला युवक का शव, रहस्य में घिरी मौत

**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।**

सिंगाही थाना क्षेत्र में सुहेली बैराज के पास गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब शांत बह रही सुहेली नदी में एक युवक का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, मुड़ाई वन रेंज के वनकर्मी रोजाना की तरह गश्त पर निकले हुए थे। इसी दौरान उनकी नजर नदी के बीच बह रहे एक शव पर पड़ी। पहले तो उन्हें अपनी आंखों पर यकीन नहीं हुआ, लेकिन नजदीक जाकर देखने पर मामला स्पष्ट हो गया। इस भयावह दृश्य को देखकर वनकर्मी सन्न रह गए और तत्काल सिंगाही थाना पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को नदी से बाहर निकलवाया गया। शव को किनारे लाते ही वहां मौजूद लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। कोई इसे हादसा बता रहा था तो कोई घटना के पीछे साजिश की आशंका जता रहा था।



पहले युवक की पहचान नहीं हो सकी, जिससे मामला और भी संदिग्ध प्रतीत हो रहा था। हालांकि कुछ ही देर बाद उसकी पहचान मझगई थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी गौरव सिंह (35) पुत्र बजरंग बहादुर सिंह के रूप में हुई। पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दी गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जा रहा है कि मृतक के शरीर पर कोई स्पष्ट गंभीर चोट के निशान नहीं मिले हैं, जिससे पुलिस प्रथम दृष्टया इसे डूबने का मामला मान रही है। हालांकि, घटनास्थल की परिस्थितियां कई अहम सवाल खड़े कर रही हैं—आखिर युवक नदी तक कैसे पहुंचा, वह अकेला था या किसी के साथ, और घटना के समय उसके साथ क्या हुआ? स्थानीय लोगों का कहना है कि सुहेली नदी के आसपास का इलाका अपेक्षाकृत सुनसान रहता है, जिससे घटना को लेकर संदेह और भी गहरा हो रहा है। वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना है कि हाल के दिनों में क्षेत्र में ऐसी घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। साथ ही मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल्स और अंतिम समय की गतिविधियों की भी जांच की जा रही है, ताकि घटना के पीछे की सच्चाई सामने आ सके।


# नौनिहालों को प्रगति की राह पर ले जातीं छिबरामऊ की शिक्षण संस्थाएँ

[ छिबरामऊ (कन्नौज) परिशिष्ट ]































